भी नीचे गिर जाए । पहली दशा में, आर्द्र बल्ब, बर्फ की पतली तह से एवं बाद वाली दशा में, अतिशीतल जल से ढ़का रहेगा । प्रत्येक दशा में प्रेक्षक को शुष्क एवं आर्द्र बल्ब तापमापियों का पाठ्यांक तभी लेना चाहिए जब वे स्थिर मानों तक पहुंच जायें । प्रेक्षण लेने के उपरान्त यह देखने के लिए, कि बल्ब बर्फ से या अतिशीतल जल से ढका हुआ है, उसे हिम-क्रिस्टल, पैंसिल या अन्य वस्तु से छूकर देखना चाहिए । यदि तापमान 0 डिग्री सें० चढ़कर पुनः नीचे गिरने लगता है तो यह समझना चाहिए कि प्रेक्षण के समय आर्द्र बल्ब का जल अतिशीतल था । इस अवस्था में, भारत मौसम विज्ञान विभाग के आर्द्रतामापी सारणियों में से **जब आर्द्र बल्ब 'जल' से ढ़का हो,** तब प्रयोग की जाने वाली सारणियों द्वारा ओसांक की गणना करनी चाहिए । यदि तापमान ऊपर न उठे तो, इसका अर्थ है प्रेक्षण के समय, बल्ब पर बर्फ जमी हुई थी, ऐसी अवस्था में आर्द्रता-मापी सारणियों में से जब आर्द्र बल्ब **'बर्फ'** से ढका हो, तब प्रयोग की जाने वाली सारणियों द्वारा ओसांक की गणना करनी चाहिए ।

टिप्पण :—(i) गर्म और शुष्क मौसम में, वृत्तिका से जल शीघ्र ही सूख जाता है और इससे मलमल के सूखा रह जाने की आशंका रहती है । दूसरी तरफ अत्यन्त ठंड और आर्द्र मौसम में, मलमल में बहुत अधिक जल एकत्रित हो जाता है । यहां तक कि बल्ब से जल टपकने लगता है । इन दोनों प्रकार के दोषों से आर्द्र बल्ब तापमापी में उच्च पाठ्यांक आता है । इन दोषों को दूर करने के लिए, वायु में रहने वाली वृत्तिका की लम्बाई कम-ज्यादा करनी चाहिए । इसलिए आर्द्र बल्ब तापमापी का पाठ्यांक लेने से पूर्व मलमल की हमेशा अच्छी तरह जाँच कर लेनी चाहिए ।

(ii) जहाँ तक संभव हो सके आर्द्र बल्ब तापमापी का पाठ्यांक ठीक-ठीक लेना चाहिए क्योंकि आर्द्र बल्ब के पाठ्यांक में डिग्री के एक छोटे भाग की गलती से भी, जबकि पाठ्यांक 0 डिग्री सें० से नीचे हो, सापेक्ष आर्द्रता मानों की गणना में भारी अशुद्धियां उत्पन्न हो जाती हैं ।

2.2.3 **अधिकतम तापमापी को कैसे सैट किया जाए :—** अधिकतम तापमापी के, तने की नली में बल्ब के गले के पास बहुत ही बारीक छेद बनाया जाता है । जब वायु का तापमान बढ़ता है तो पारा संकरे मार्ग से होता हुआ तापमापी में चढ़ता जाता है । किन्तु जब बल्ब ठंडा होता है, संकरे मार्ग से ऊपर का पारा

the latter by a layer of supercooled water. In either case the Observer should read the dry and wet bulb thermometers only when the readings have reached **steady** values. To determine whether the bulb was covered with ice or supercooled water, the wet bulb must be touched with a snow crystal, a pencil or other object, just after the observation is completed. If the temperature rises to 0°C and then commences to fall again, it can be assumed that the water on the wet bulb was supercooled at the time of observation; in that case, the dew point should be calculated from the Tables for use when the wet bulb is covered with 'Water' in the I.M.D. Hygrometric Tables. If, however, the temperature does not go up, it means that the bulb had a coating of ice at the time of observation and the dew point should then be calculated from the Tables for use when the wet bulb is covered with **'Ice'** in the Hygrometric Tables.

NOTE :—(i) In warm dry weather water evaporates rapidly from the wick and there is danger of the muslin being left dry. On the other hand in damp cold weather, too much water may collect on the muslin and even drip down from the bulb. Both these defects tend to a high reading of the wet bulb thermometer; they should be avoided by adjusting the length of the wick exposed to air. Therefore make it a point always to examine the muslin before reading the wet bulb thermometer.

(ii) The reading of the wet bulb thermometer should be taken as accurately as possible, as mistakes of a fraction of a degree in the wet bulb reading when it is below 0°C would introduce a large error in the calculation of the relative humidity values.

2.2.3 **How to Set the Maximum Thermometer.**—The bore in the stem of the Maximum Thermometer is made extremely fine near the neck of the bulb. When the temperature of the air rises, the mercury in the thermometer expands and forces its way into the stem past this constriction; but when the bulb cools, none of the mercury above the constriction can get back

बल्ब में वापिस नहीं लौटता है और इस प्रकार तापमापी की नली में पारे की लम्बाई उतनी ही रहती है, जितनी कि जब बल्ब सर्वाधिक गर्म था। तत्पश्चात् पारे के बल्ब से दूर वाले सिरे से अधिकतम तापमान का पता चलता है ।

तापमापी को सैट करने के लिए, उसको उसके आधार से हटा दें और बल्ब वाले भाग को नीचे की तरफ रखते हुए, लकड़ी के फट्टे का (जिस पर यह लगा होता है) ऊपरी सिरा कसकर पकड़ लें। तापमापी को टूटने से बचाने के लिए, शीशे की नली पर कोई दबाव नहीं डालना चाहिए। तत्पश्चात् हाथ को फैलाइए, कंधे को अक्ष मानकर सीधा रखते हुए तेजी से घुमाइए, पहले भुजा क्षैतिज स्थिति में 45 डिग्री का कोण बनाए तत्पश्चात् नीचे की ओर लाते हुए धरातल से नीचे की तरफ 30 डिग्री का कोण बनाए (देखें चित्र-9)। यह घुमाव सशक्त किन्तु कोमल होना चाहिए ।

चित्र-9—अधिकतम तापमापी को सैट करना

खुले स्थान पर खड़े होकर तापमापी को घुमायें एवं इस बात का ध्यान रखें कि यह उपकरण किसी चीज (स्वयं आप से या आपके कपड़ों से) से टकराकर नष्ट न हो जाए। इस स्थिति में अपने कपड़ों को बायें हाथ से पकड़ने का परामर्श दिया जाता है। जब तक कि तापमापी की नली के संकीर्ण भाग के दोनों तरफ पारा पूरी तरह से न भर जाए, तब तक घुमाने की यह प्रक्रिया दोहराते रहिए। तत्पश्चात् उपकरण को तापमापी स्क्रीन में उसके आधारों पर रख देना चाहिए। बल्ब का सिरा दूसरे सिरे से लगभग इंच के एक-चौथाई हिस्से तक झुका रहना चाहिए। इस बात की जाँच कर लें कि यह शुष्क बल्ब तापमापी के पाठ्यांक के समान ही पाठ्यांक देता है। सैट करने के पश्चात् अधिकतम तापमापी को,

into the bulb and the length of the mercury thread remains just the same as it was when the bulb was the warmest. The end of the mercury thread farthest from the bulb thus registers the maximum temperature reached.

To set the thermometer, remove it from its supports and grasp the upper end of the wooden mount, keeping the bulb end downwards and taking care not to bring any pressure on the thermometer stem so as to break it. Then stretch out the arm and swing it briskly from the shoulder, beginning the swing with the right arm raised more than 45 degrees above the horizontal and ending about 30 degrees beyond the vertically downward position (See Fig. 9). The swing must be vigorous but smooth.



Fig 9—SETTING OF MAXIMUM THERMOMETER

While swinging the thermometer, stand in a clear space and take great care to see that the instrument does not strike anything (including your own person and clothing) and get damaged. It is advisable to hold one's clothes with the left hand. Repeat the swinging till the thermometer bore on both sides of the constriction is completely filled with mercury. Then replace the instrument on its supports in the Thermometer Screen keeping the bulb end about quarter of an inch lower

शुष्क बल्ब तापमापी के पाठ्यांक से .3° सें० से .6° सें० के अन्तर तक का तापमान रजिस्टर करना चाहिए। ये पाठ्यांक दोनों तापमापियों द्वारा दर्शाए गए तापमान को, उनकी सूचियों की शुद्धियों, के अनुसार संशोधित किया गया हो। यदि ऐसा न हो तो, उपकरण को पुनः सैट करना चाहिए।

टिप्पण :—परामर्श दिया जाता है कि अधिकतम तापमापी का पाठ्यांक लेने से पूर्व यह निश्चित कर लें कि बल्ब के निकट पारे की रेखा का सिरा कंपन के द्वारा या किसी अन्य प्रकार से संकीर्ण भाग से दूर न हो जाए, यदि ऐसा हो जाए तो, तापमापी को धीरे-धीरे तब तक झुकाएं जब तक कि पारे की रेखा का अलग हुआ सिरा तापमापी के संकीर्ण भाग से सम्बद्ध न हो जाए।

2.2.4 **न्यूनतम तापमापी को कैसे सैट किया जाए :**—न्यूनतम तापमापी के अंदर का तरल पदार्थ **स्पिरिट** कहलाता है जिसके अंदर डम्ब-बैल आकार सूचक या संकेतक डूबा हुआ होता है। जब तापमान गिरता है तो स्पिरिट सूचक को अपने साथ बल्ब के सिरे की ओर खिंचती है किन्तु जब तापमान चढ़ता है तो स्पिरिट फैलकर सूचक को विक्षुब्ध किए बिना ऊपर निकल जाती है। **इस प्रकार बल्ब से दूरतम** सूचक का सिरा, उपकरण द्वारा प्रदत्त न्यूनतम तापमान को दर्शाता है।

न्यूनतम तापमापी को सैट करने के लिए सर्वप्रथम उसे उसके आधारों से अलग कर दें और बल्ब को ऊपर की ओर रखते हुए धीरे धीरे से तब तक झुकाएं जब तक कि सूचक स्पिरिट स्तम्भ के सिरे को न छूले (देखें चित्र -10)। आवश्यकता पड़ने पर उपकरण को धीरे से थपथपाएं। अब, इसे तापमापी के आवरण में क्षैतिज स्थिति में लगा दें और यह भली भांति देखें कि इसका पाठ्यांक शुष्क बल्ब तापमापी के पाठ्यांक के समान ही है जैसा कि अधिकतम तापमापी के संबंध में पहले भी बताया गया है। तेज हवाओं में आवरण के कम्पन से सूचक की स्थिति बदल न जाए, इसके लिए ध्यान रखें कि उपकरण अपने आधारों पर ठीक तरह से लग गया है।

चित्र 10—ठीक तरह से स्थापित न्यूनतम तापमापी

टिप्पण :—न्यूनतम तापमापी का पाठ्यांक लेने से पूर्व स्पिरिट रेखा की सदा जाँच करलें और यह निश्चित करलें कि नली के ऊपरी भाग में स्पिरिट की बूंदे न हों और स्पिरिट स्तम्भ या बल्ब में वायु के बुलबुले न हों। यदि स्पिरिट-स्तम्भ रेखा टूटी हुई न हो या नली के ऊपरी भाग में स्पिरिट की बूंदे

than the other end. Verify if the thermometer reads nearly the same as the dry bulb. The maximum thermometer after setting should register the same temperature within .3° to .6°C as the dry bulb temperature when the temperature recorded by both the thermometers are corrected for respective index corrections. If not, the instrument must be reset.

NOTE :—Before reading a maximum thermometer it is advisable to make sure that the end of the mercury thread nearest to the bulb has not run away from the point of constriction, through vibration or otherwise; if it has, the thermometer should be tilted very gently, until the end of the detached thread comes in contact with the constriction in the tube.

2.2.4 **How to Set the Minimum Thermometer.**—The liquid inside the **Minimum Thermometer** is **spirit** in which is immersed a dumb-bell shaped index. When the temperature falls, the spirit drags the index along with it towards the bulb end; but when the temperature rises the spirit expands and runs past the index without disturbing it. Thus the end of the index **farthest from the bulb** gives the lowest temperature attained by the instrument.

To set the minimum thermometer, remove it from its supports and tilt it slowly, bulb upwards, until the index touches the end of the spirit column (See Fig. 10). Tap the instrument gently if necessary. Now mount it horizontally in the Thermometer Screen, and verify that it reads nearly the same as the dry bulb thermometer as in the case of maximum thermometer mentioned earlier. See that the instrument is fixed properly to its supports so that the position of the index may not be disturbed by the vibration of the screen in strong winds.

Fig 10—MINIMUM THERMOMETER CORRECTLY SET

NOTE :—Before reading the minimum thermometer **always examine the spirit column and make sure that there are no drops of spirit in the upper end of the tube and no air bubbles in the spirit column or in the bulb.** If the spirit column is broken or drops of spirit are lodged in the upper end of the

जमा हों, तो, खण्ड 2.2.5 के अनुदेशों के अनुसार तत्काल ही स्तंभ को पुनः स्थापित करें। "ऐसे मामलों में "तापमापी" खराब है"। टिप्पणी मौसम विभाग के रजिस्टर में लिख दें।

2.2.5 **तापमापियों की खराबियाँ एवं उनको दूर करने के उपाय :—**

(I) **अस्पष्ट अंशांकन चिन्ह :**—तापमापी के अंशाकन प्रायः प्रयोग करते रहने के कारण धुमिल हो जाते हैं। अंशांकनों को पुनः स्पष्ट करने के लिए तापमापी की सूखी नली पर काजल और तेल या काले सुरमे की पैन्सिल से रगड़ें। नली पर से अतिरिक्त काले रंग को, कपड़े या कागज के किसी टुकड़े द्वारा धीरे से पोंछकर हटा दें।

(II) **पारे की रेखा में व्यवधान :**—पारे की रेखा में, कहीं पर भी व्यवधान हो जाने पर, पारे का प्रत्येक तापमापी -शुष्क, आर्द्र या अधिकतम, खराब समझा जायेगा। पारे की रेखा को सतत् या अटूट रखने के लिए तापमापी को चित्र 9 में दिखाई विधि के अनुसार पूरा बाजू खोलकर तब तक तेजी से झुलाना चाहिए जब तक कि पारे की रेखा सतत् न हो जाए।

अधिकतम तापमापी खराब हो सकता है तथा स्वतः काम करना बन्द कर सकता है। जब तापमान कम या अधिक मात्रा में अपनी अधिकतम सीमा से नीचे आ जाए तो पारा अधिकतम सीमा से नीचे आ सकता है। ऐसा सामान्यतः उस समय होता है जबकि कुछ समय के प्रयोग के पश्चात्, बल्ब के पास संकीर्ण छिद्र पारे को ठंडा होने पर बल्ब में वापिस जाने से रोकने में पर्याप्त संकीर्ण कोन रह पाए। तदनुसार प्रक्षक को समय-समय पर उपकरण को अपनी हथेली में धीरे से पकडकर गर्म करके जांच करनी चाहिए कि हाथ को बल्ब से दूर करने के पश्चात् भी टयूब में पारे की रेखा की स्थिति वही रहती है या नहीं। जांच करते समय तापमापी की नली को लगभग क्षैतिज रखना चाहिए। यदि ऊर्ध्वाधर स्थिति में नली का पारा बल्ब में वापिस गिर जाता है तब भी तापमापी का प्रयोग निरंतर किया जा सकता है।

क्रमशः कुछ दिनों के लिए, विशेषकर दैनिक सुबह के प्रेक्षण के समय, यदि अधिकतम तापमापी ऊपर-लिखित दोषों को दर्शाता हो या कुछ दिनों तक लगातार, विशेषकर सुबह के नियमित प्रेक्षण के समय शुष्क बल्ब तापमापी के पाठयांक के समान पाठयांक देता हो तो अतिरिक्त तापमापी के स्थान पर इसको लगा देना चाहिए और दोषयुक्त उपकरण को बदलने के लिए नियंत्रक मौसम कार्यालय को तथ्यों की जानकारी दे देनी चाहिए। यदि अधिकतम तापमापी लगातार तीन दिनों तक सुबह नियमित प्रेषण के समय पिछले दिन दोपहर

stem, restore the column **at once** in accordance with the instructions given in Section 2.2.5. In such cases the remarks 'thermometer out of order' should be entered in the Meteorological Register.

2.2.5 **Defects in Thermometers and How to Remove them :**

(i) **Graduation Marks not Distinct.**—The thermometer graduations often become indistinct by use. To restore the graduations rub lamp black and oil or a black lead pencil on the thermometer stem, which should be dry. Remove the superfluous black paint from the stem by gently wiping it with a piece of cloth or paper.

(ii) **Break in the Mercury Thread.**—A mercury thermometer, dry, wet or maximum, is considered defective if the mercury thread is broken anywhere. It is repaired simply by swinging the thermometer briskly at arm's length in the manner shown in Fig. 9, until the mercury thread is continuous.

A maximum thermometer is liable to go out of order and cease to be self-registering. The mercury may recede from its maximum position when the temperature falls below the maximum to a greater or lesser extent. This generally happens when, after use for some time, the constriction near the bulb is not sufficiently fine to prevent the mercury above it falling back into the bulb when the latter cools. The Observer should accordingly test the instrument occasionally by gently warming it by holding it in his palm and noting whether the mercury column retains its position in the tube, when the hand is removed from the bulb. The test should be made with the stem nearly horizontal. In the vertical position, if the column falls back into the bulb, the thermometer may still continue to be used.

If a maximum thermometer shows the above defect or reads about the same as the dry bulb thermometer, especially at the time of the routine morning observation for a few days in succession, it should be replaced by the spare thermometer and the fact should be reported to the Controlling Meteorological Office for replacement of the defective instrument.

If at the time of the routine morning observations, the maximum thermometer reads less than its reading at the time of the routine afternoon observation on the previous day by 0.5°C

6—383 A. D. G. Met./Pune/88

बाद के प्रेक्षण के पाठयांक से कम पाठयांक देता है तो उपलब्ध अतिरिक्त तापमापी के द्वारा इसको बदल देना चाहिए और इस तथ्य की सूचना आवश्यक कार्यवाही के लिए नियंत्रक मौसम कार्यालय को दे देनी चाहिए ।

(iii) न्यूनतम तापमापी के दोष :

(क) **ऊपरी भाग में बूंदों का जमा हो जाना.** ––तापमापी की स्पिरिट का कुछ भाग वाष्प बनकर बल्ब से दूर तापमापी के दूसरे सिरे में बूंदें बनकर जमा हो सकता है । यदि प्रेक्षक न्यूनतम तापमापी का नियमित रूप से नित्य परीक्षण नहीं करे तो संभव है कि तापमापी की नली के ऊपरी सिरे पर इतनी स्पिरिट जमा हो जाए जो नली के ऊपरी सिरे में 5 डिग्री से 10 डिग्री तक भर जाए । इस दोष को दूर करने के लिए, तापमापी के स्पिरिट से भरे पूरे भाग को, बल्ब सहित ठंडे जल के बर्तन में बल्ब को नीचे की ओर रखते हुए डुबाएं और यदि आवश्यक हो तो पानी में बर्फ का कुछ चूरा भी मिला दें । तापमापी के ऊपरी भाग पर जहां पर कि पारे की बूंद जमा हों, सूर्य की रोशनी* पड़ने दें, किन्तु जल के पात्र पर सूर्य की रोशनी न पड़ने दें । इसके लिए बर्तन में भरे पानी को आड़ या परदा लगाकर धूप से बचाएं । तापमापी को जल के पात्र में उर्ध्वाधर स्थिति में उस समय तक डुबायें रखें, जब तक कि नली के ऊपरी भाग की सारी स्पिरिट नली या बल्ब में नीचे न आ जाए ।

यदि न्यूनतम तापमापी के बल्ब वाला सिरा दूसरे सिरे से थोड़ा भी ऊँचा होगा तो नली के ऊपरी भाग में स्पिरिट की रेखा बीच में से टूट सकती है । यदि नली के उपरी सिरे में स्पिरीट की बुन्दे बार बार दिखाई देती है तो उसे रोकने के लिए तापमापी का बल्बसिरा थोडासा यानी 0.3 से०मी० तक नीचे की तरफ झुकाना चाहिए ।

(ख) **स्पिरिट रेखा में दरार.** ––कई बार न्यूनतम तापमापी की स्पिरिट रेखा के कई टुकड़े हो जाते हैं । इस दोष को दूर करने के लिए भुजा को पूरा खोलकर उपकरण को तेजी से घुमाएं–जैसा कि चित्र-9 में बताया गया है और एक हल्के झटके के साथ रोक दें । कई बार टूटी हुई स्पिरिट रेखा को पूरी तरह से जोड़ने के लिए इस प्रक्रिया को अनेक बार दोहराना पड़ता है । घुमाने की प्रक्रिया द्वारा टूटी हुई रेखा को जोड़ने के पश्चात् तापमापी को एक घंटे तक शीतल जल में इसी प्रकार डुबायें जैसा कि खंड (क) में बताया गया है ।

*जिस दिन आकाश में बादल छाए हों उस दिन नली के उपरी भाग को, गर्म जल में भिगे हुए कपडे के टुकडे द्वारा गर्म करना चाहिए ।

or more, for 3 days in succession it should be replaced by the spare thermometer available and the fact should be reported to the Controlling Meteorological Office for necessary action.

(iii) Defects in the Minimum Thermometer:

(a) **Drops of Spirit Lodged at the Top.**—A portion of the spirit column may evaporate and condense in drops at the end of the thermometer farthest from the bulb. Unless the Observer regularly inspects the minimum thermometer, a length of spirit column covering 5 to 10 degrees may be lodged in this way at the top of the thermometer. To remove this defect, immerse the bulb and the **whole of the spirit** column of the thermometer, with the bulb end downwards, in a vessel of cold water; if necessary, add some powdered ice to the water bath. Allow the sun to shine* on the upper part of the thermometer in which the spirit drops are lodged but not on the water bath which should be screened from the sun's rays. Leave the thermometer immersed in the water bath in this upright position for about an hour to allow **all** spirit to run down the tube.

If the bulb end of the minimum thermometer is even only very slightly higher than the farther end, it may cause break in the spirit column in the upper part of the tube. If drops of spirit frequently appear in the upper end of the tube, the bulb end of the thermometer should be lowered slightly, say, by 0.3 cm. in order to prevent the same.

(b) **Break in the Spirit Column.**—The spirit column of a minimum thermometer is sometimes broken into several fragments. To remedy this fault, swing the instrument briskly at arm's length in the manner shown in Fig. 9 and stop it with a gentle jerk. It will sometimes be necessary to repeat the operation a number of times to unite the detached column entirely. After reuniting the broken columns by swinging, keep the thermometer immersed in cold water for at least an hour, exactly as in (a).

---

*On a cloudy day the upper part of the stem should be heated by applying a piece of cloth soaked in hot water.

(ग) **सूचक का स्पिरिट से बाहर हो जाना.** ---कई बार स्पिरिट में से सूचक बाहर निकल जाता है और तापमापी की नली के ऊपरी भाग में जाकर चिपक जाता है। ऐसे में उपकरण को ऊर्ध्वाधर स्थिति में, बल्ब को नीचे की ओर रखते हुए दाहिने हाथ में पकड़ें और बांयें हाथ की हथेली पर तापमापी आधार के निचले सिरे को धीरे से थपथपायें। जैसा कि चित्र-11 में दिखाया गया है।

कई बार थपथपाने से भी यदि सूचक नीचे न आएं तो सूचक को नीचे सरकाने के लिए कुछ अधिक बलपूर्वक थपथपाना चाहिए। सूचक के एक बार अपनी जगह से सरकने के बाद सूचक को अपने आप स्पिरिट के अटूट रेखा भाग में नीचे गिरने देना चाहिए। यदि आवश्यकता हो तो कोमलता से थपथपाइए। सामान्यतः सूचक को उचित स्थान पर वापिस लाने के लिए इतना ही पर्याप्त है। कभी कभी स्पिरिट-खण्डों को अंशतः या पूर्णतः इस प्रक्रिया के द्वारा जोड़ा जा सकता है। यदि, फिर भी, बार-बार थपथपाने से सूचक को सरकाने में सफलता न मिले तो तापमापी को उल्टा कर दो जिससे कि स्पिरिट का अधिकतम भाग तापमापी में बल्ब से दूर वाले सिरे पर पहुंच जाए।

चित्र–11 **न्यूनतम तापमापी की मरम्मत**

फिर उपकरण को सीधा करें और नीचे आई स्पिरिट के निचले सिरे तक सूचक को गिरने दें। बार-बार झुला कर स्पिरिट को सामान्य स्थिति में लाएं और अंत में तापमापी को एक घंटे तक ठंडे जलमें डुबोये रखें।

(c) **Index Protruding out of the Spirit.**—The index is sometimes thrown out of the spirit and may stick in the upper part of the thermometer stem. In this case hold the instrument vertically in the right hand with the bulb end lowest and gently tap the lower end of the thermometer mount against the palm of the left hand, as shown in Fig. 11.

If several gentle taps fail to move the index, increase the force, a little at a time, until the index starts; then allow the index to fall of its own accord within the continuous column of spirit. Give gentle taps if necessary. Generally this will be all that is necessary to set the index in the right place. Sometimes broken columns of spirit can also be united partly or wholly by this process. If, however, repeated tappings do not succeed in displacing the index, turn the thermometer upside down so as to transfer the greater portion of the spirit column to the end farthest from the bulb. Then reverse the instrument and allow the index, to fall to the lower end of the transferred column of spirit.



Fig. 11—REPAIRING MINIMUM THERMOMETERS

Restore the spirit column by repeated swingings and finally keep the thermometer immersed in cold water for about an hour.

(घ) **सूचक बल्ब के अन्दर चले जाना या बल्ब के ऊपर बंक (बैंड) में फंस जाना.** ––यदि बल्ब और नली दोनों एक ही रेखा में हैं तो तापमापी के ऊर्ध्वाधर होने तक बल्ब को धीरे धीरे ऊपर उठायें। फिर उपकरण को धीरे धीरे थपथपाएं, जिससे कि सूचक ट्यूब में नीचे खिसक जाए।

यदि तापमापी बल्ब के ऊपर मुड़ा हो तो बल्ब को **ऊपर की ओर रखते हुए** तापमापी को क्षैतिज अवस्था में पकड़ें। हथेली के मांसल भाग पर तेजी से तापमापी के बल्ब वाले सिरे को थपथपाएं और फिर बल्ब वाले सिरे को ऊपर की तरफ उठा दें। इससे स्पिरिट के अंदर सूचक आगे की तरफ खिसकेगा। अंत में, तापमापी को ठण्डे जल के पात्र में डुबायें रखना चाहिए जैसा कि (क) में बताया गया है।

(ङ) **बल्ब के अन्दर बुलबुले.** ––इस दशा में तापमापी को क्षैतिज अवस्था में पकड़ें जिससे बुलबुला नली के मुंह पर आ जाएं, फिर नली में बुलबुले के उठने तक, बल्ब को गर्म करने के लिए अपनी हथेली में पकड़े रखें। अब बुलबुले को हिलाने के लिए उपकरण को झुलाएं और अंत में ठंडे जल में तापमापी को डुबा दें।

टिप्पण :––न्यूनतम तापमापी के लाने ले जाने के दौरान ऊपरलिखित दोष आ सकते हैं। वेधशाला में तापमापी प्राप्त कर लेने के बाद हमेशा उसकी जांच कर लें। प्रयोग में लाने से पूर्व तापमापी में यदि कोई दोष हो तो पूर्ववर्ती अनुदेशों के आधार पर उनका निराकरण करें।

2.2.6 **परीक्षण पाठ्यांक:** ––ऊपरलिखित दोषों का पता लगाने के लिए क्योंकि इनके रहते उपकरण ठीक तरह से पाठ्यांक नहीं देंगे, उपकरणों को सैट करते समय **अधिकतम एवं न्यूनतम दोनों तापमापियों का प्रतिदिन बल्ब शुष्क तापमापी के साथ मिलान करें**। ये तुलनात्मक पाठ्यांक, परीक्षण पाठ्यांक कहलाते हैं। और निम्नलिखित रूप से लिए जाते हैं :––

नित्य सुबह नियमित प्रेक्षणों के बाद, अधिकतम एवं न्यूनतम तापमापियों को सैट करने के तुरन्त बाद क्रम से अधिकतम न्यूनतम एवं शुष्क बल्ब तापमापियों को शीघ्रता से पढ़ना चाहिए। सर्वप्रथम यह सुनिश्चित कर लें कि अधिकतम तापमापी की पारा रेखा एवं

(d) **Index gone into the Bulb or Stuck in the Bend above the Bulb.**—If the bulb and the stem are in the same straight line simply raise the bulb until the thermometer is vertical. Then gently tap the instrument and the index will slide down into the tube.

If the thermometer is bent above the bulb, hold it **horizontally** with the **bulb pointing upwards.** Tap the bulb end of the thermometer sharply against the fleshy portion of your palm and then raise it upwards. The index will slide forward into the spirit column. Finally, leave the thermometer immersed in a cold bath as in (a).

(e) **Bubble in the Bulb.**—In this case hold the thermometer horizontally so that the bubble is against the entrance of the tube, then warm the bulb by grasping it with your palm until the bubble raises in the tube. Now shake out the bubble by swinging and finally leave the thermometer immsersed in cold water.

NOTE :—The minimum thermometer is liable to the above faults during transit. Always examine the thermometer after taking delivery and remove any defects found in the thermometer in accordance with the foregoing instructions before bringing it into use.

2.2.6 **Test Readings.**—In order to detect any of the above defects, which would result in the instruments not recording correctly, **both the maximum and minimum thermometers should be compared daily with the dry bulb thermometer** at the times of their setting. These comparative readings are known as Test readings and are to be taken as follows :—

Immediately on setting the maximum and minimum thermometer after the routine morning observations, read the maximum, the minimum and the dry bulb thermometers quickly, one after the other in the order given. Make sure first, that the mercury column of the maximum thermometer and the spirit column of the minimum thermometer are both continuous, (i.e., there is

न्यूनतम तापमापी की स्पिरिट रेखा दोनों ही सतत हैं (अर्थात् वे बीच में से टूटी न हों) । इसी प्रकार मध्यान्ह के बाद नियमित प्रेक्षणों के बाद, न्यूनतम तापमापी को सेट करते समय क्रम से एक के बाद एक न्यूनतम एवं शुष्क बल्ब तापमापियों को पढ़ें और वास्तविक पाठ्यांकों को लिखें । साथ ही न्यूनतम तापमापों में बल्ब से दूर वाले सिरे का पाठ्यांक भी अवश्य लिख लें स्पिरिट रेखा के उत्तरी सिरे पर यह लिखा रहेगा । इन तापमापियों के पाठ्यांक लेते समय एक मिनट से अधिक समय नहीं लगना चाहिए । सूबक शुद्धियों का प्रयोग न करते हुए वास्तविक पाठ्यांक लिखना चाहिए ।

परीक्षण पाठ्यांकों के समय अधिकतम एवं न्यूनतम तापमापियों के पाठ्यांको तथा शुष्क बल्ब तापमापी के पाठ्याकों में उनकी अलग अलग शुद्धियां लगाने के बाद .3° और 0.6° से० से अधिक का अन्तर नहीं होना चाहिए । यह अन्तर (उदाहरणार्थ अधिकतम के लिए 0.3 सें० और न्यूनतम के लिए 0.6° से.) की सीमा से अधिक हो तो, तापमापी के दोषयुक्त होने की संभावना है । तब प्रेक्षक को अधिकतम एवं न्यूनतम तापमापी का ध्यानपूर्वक परीक्षण करना चाहिए और ऊपरलिखित अनुदेशों के आधार पर दोषों का निराकरण करना चाहिए ।

तापमापियों की देखरेख :

(i) बल्बों को चमकीला एवं तापमापियों को स्वच्छ रखना चाहिए । यदि तापमापियों में पानी जम जाए तो उसे पोंछ देना चाहिए और कई मिनटों के अंतराल के बाद पाठ्यांक लेना चाहिए ।

(ii) इस बात का ध्यान रखा जाए कि तापमापी के पोर्सिलेन के आधार पर अंकित दस-डिग्री वाले चिन्ह (नली पर अंकित चिन्हों से मेल खाते) हों । कुछ समय के बाद तापमापी की नली ढीली हो जाती है और अपने लकड़ी के आधार पर सामान्य स्थिति से खिसक जाती है । इससे पाठ्यांक में गलती होने की संभावना रहती है । किसी भी परिस्थिति में, मरम्मत या समायोजन के पश्चात् किसी तापमापी को, दूसरे तापमापी के आधार पर न लगायें ।

no break in them), **and be sure to record the readings of the index of the minimum thermometer, farthest from the bulb. This will be in flush with end of the spirit column. The time taken to read these thermometers should not exceed a minute or so. The actual readings should be entered without applying the index correction.** Similarly on setting the minimum thermometer after the routine afternoon observations, read the minimum and the dry bulb thermometers quickly one after the other, and enter both the actual readings.

The difference between the readings of the maximum and minimum thermometers and the readings of the dry bulb thermometer in the test observations after applying their respective corrections, should not exceed 0.3° and 0.6°C respectively. If the difference exceeds this limit (i.e., 0.3°C for maximum and 0.6°C for minimum), it is probable that the thermometer has become defective. The Observer should then carefully examine the maximum or the minimum thermometer, as the case may be, and remove the defect according to the instructions given above.

Care of the Thermometers :

(i) The thermometers should be kept clean and the bulbs bright. If water has condensed on any of the thermometers it should be wiped off and several minutes allowed to lapse before the readings are taken.

(ii) Care should be taken to see that the ten-degree divisions marked on the thermometer porcelain mount agree with the corresponding graduations on the stem. After a period of use, the stem of the thermometer may become loose and slip relatively to the mount, thus introducing a possibility of error in reading. Under no circumstances should a thermometer after repairs or adjustments, be fitted to a mount belonging to another thermometer.

2.2.7 तापमापियों का परिसर एवं तापमापी की स्थापना :

(i) तापमापियों का परिसर ऐसा होना चाहिए जहां हवा तो बल्ब तक निर्बाध रूप से जा सके किन्तु उस पर सूर्य की किरणें और वर्षा की बुंदें नहीं पडें। तुलना के लिए यह भी आवश्यक है कि सभी स्टेशनों में तापमापियों को एक सी स्थिति में रखा गया हो। अनुमोदित स्वरूप वाले तापमापी आवरण (परिसर में तापमापियों को लगाने से इन स्थितियों को पूरा किया जा सकता है। (चित्र—12)

चित्र—12 तापमापी आवरण

2.2.7 Exposure of Thermometers and Erection of Thermometer :

(i) The essential conditions for the exposure of thermometers, are that air should have free access to the bulbs of the thermometers and neither the sun should shine nor rain fall on them. It is also important for purposes of comparison that the thermometers are exposed under similar conditions at all stations. These conditions are fulfilled by mounting the thermometers in a screen of the approved pattern called the Thermometer Screen (Fig. 12).



Fig. 12—THERMOMETER SCREEN

तापमापी आवरण एक आयताकार बक्सा होता है जिसका दरवाजा दाएं-बाएं और पीछे के हिस्से दुहरे लकड़ी की पट्टियों से बने होते हैं तथा दुहरे तह की छत होती है। इस प्रकार बने बक्से में वायु मुक्त रूप से आ जा सकती है। दोनों ओर इसकी ऊपरी छत, आवरण के दोनों ओर 5-5 सें० मी० बाहर निकली होती है और इसमें आगे से पीछे की तरफ ढलान होता है। इसका भीतरी परिमाप निम्नलिखित है:— लम्बाई 56 से० मी०, चौड़ाई 31.5 सें०मी०, उंचाई 41.2 सें० मी० आवरण के आगे का भाग दरवाजे की तरह कब्जों से कसा होता है। और नीचे की तरफ खोला जा सकता है। यह आवरण लकड़ी के चार स्तंभों पर रखा होता है।

(ii) **तापमापी आवरण के लिए स्थान का चुनाव**:—तापमापी आवरण का स्थान, समतल भूमि पर कम से कम 30 मी० के व्यास वाला खुला पर्याप्त विस्तृत भूखण्ड होना चाहिए। खड़ी चढ़ाई या गढ्ढे जैसे जगह पर मौसम विज्ञानी की स्थितियां असामान्य हो सकती हैं। अतः एसे स्थानों से बचना चाहिए। तापमापी आवरण और वर्षामापी प्रमुखतः एक ही भूखंड पर होने चाहिए और ये 10×5 वर्ग मीटर के आयताकार बाड़े में घिरे रहने चाहिए। जहां तक संभव हो सके, आवरण को घने पेड़ों, भवनों और चलनेवाली पवनों को रोकने वाले अवरोधकों से दूर रखें।

जहां तक संभव हो, आवरण के चारों तरफ के स्थान की देखभाल करते रहें। उस क्षेत्र में झाड़ी या पेड़ों को न उगने दें। बाड़े के साथ लगने वाली भूमि की वनस्पति न बदलें, विशेषकर ऐसी वनस्पति जिसे अधिक मात्रा में सिंचाई की आवश्यकता हो।

It is a rectangular box with its sides and door double louvered and with a double layered roof with air space in between. The upper roof projects 5 cms beyond the sides of the screen and slopes from front to back. Its internal dimensions are, length 56 cms, width 31.5 cms, height 41.2 cms. The front of the screen is hinged as a door and can be opened downwards. The screen is mounted on four wooden posts.

(ii) **Choice of Site for the Thermometer Screen.**—The site should be on a fairly large and open plot of level ground at least 30 m. in diameter; any site on a steep slope or in a hollow is subject to exceptional meteorological conditions and should therefore be avoided. The thermometer screen and the raingauge should preferably be on the same plot and be enclosed by a rectangular fence 10 m. by 5 m. (See plan in Fig. 13). The screen should be as far away as possible from large trees, buildings and **other obstructions to prevailing winds.**

The space set apart for the screen should be maintained, as far as possible in the same state, no shrubs or trees being planted within the area, nor changes made in the cultivation of the ground immediately surrounding the fence, particularly such as require a large amount of additional irrigation.

चित्र 13—तापमापी आवरण और वर्षामापी स्थापन और मानक कंटीले तारों की बाड़ ।



Fig. 13—PLAN OF THERMOMETER SCREEN AND RAINGAUGE IN POSITION AND THE STANDARD BARBED WIRE FENCE.

(iii) **तापमापी आवरण की स्थापना:**—तापमापी आवरण को लकड़ी के चार मजबूत स्तंभों पर स्थापित करना चाहिए। (देखें चित्र 12) इसका दरवाजा उत्तर की तरफ खुलना चाहिए। आवरण को इतनी ऊंचाई पर लगाना चाहिए कि आर्द्र और शुष्क बल्ब तापमापी के बल्ब भूमि से 1.30 मी० और 1.40 मी० के बीच की ऊंचाई पर रहें।

लकड़ी के स्तंभों पर चारों ओर कोलतार पुता होना चाहिए। ये स्तंभ भूमि की सतह के भीतर कंकरीट में ऊर्ध्वाधर स्थिति में गड़े होने चाहिएं, जिससे कि चारों स्तंभों की भूमि स्तर से ऊपर की ऊंचाई 1.25 मी० रहे। तापमापी आवरण को स्थापित करते समय, कंकरीट का चबूतरा भूमितल से 5 सें०मी० अंदर धंसा होना चाहिए। इसके ऊपर के स्थान को मिट्टी डालकर आस पास की भूमि के साथ समतल कर देना चाहिए। आवरण के नीचे कंकरीट के चबूतरे पर मिट्टी नहीं डाली गई तो कंकरीट के चबूतरे से विकिरण होगा और आवरण के भीतर के तापमापी गलत या अशुद्ध पाठ्यांक देंगें। स्तंभों के बीच की दूरी (चिन्हित 1, 2, 3 और 4) इतनी होनी चाहिए, जिसमें आवरण के पायें (चिन्हीत 1, 2, 3 और 4) स्तंभों के ऊपर बने सॉकेट में ठीक तरह से बैठ जाएं। आवरण और स्तंभों के एक से चिन्ह वाले पायें एक ही दिशा में होने चाहिए।

स्तंभों को स्थायी रूप से लगाने के लिए कंकरीट को, अच्छी तरह से पहले ठोंककर यह निश्चित कर लेना चाहिए कि वे पूर्णरूपेण ऊर्ध्वाधर स्थिति में हों, इसके ऊपरी सिरे भूमि से 1.25 मी० ऊपर हों और स्तंभों के ऊपर टिके हुए आवरण का दरवाज़ा उतरी दिशा में हो। तत्पश्चात् आवरण के पायों को सॉकेट में 7.5 सें०मी० आकार के पेचों द्वारा लगा दें।

सावधानी के लिए टिप्पण :

(1) गलतियों से बचने के लिए, सदा तापमापी की नली पर अंकित निशानों का ही प्रयोग करना चाहिए। ऐसी गलतियां नली और उसके लकड़ी के पृष्ठ आधार पर अंकित चिन्हों में एकरूपता न होने के कारण होती हैं।

(2) यह सुनिश्चित कर लें कि आर्द्र बल्ब तापमापी के बल्ब पर पपड़ी न जमी हो और मलमल का कपड़ा और वृतिका स्वच्छ हों।

(iii) **Erection of the Thermometer Screen.**—The Thermometer Screen is to be erected on four stout wooden posts (See Fig. 12) with its **door opening to the north** and at such a height that the **bulbs of the wet and dry bulb thermometer shall be between 1.30 and 1.40 metres above the ground.**

The four ends of the wooden posts should be coated with coaltar and buried vertically in concrete under the surface of the ground so that the tops of the posts are 1.25 m. above the ground level. While erecting the Thermometer Screen, the concrete platform should be sunk 5 cm. below the ground level and the space above filled with earth to make it flush with the surrounding ground. An open concrete surface beneath the box is liable to result in erroneous readings of the thermometers inside the screen owing to the effect of radiation from such a surface. The distance between the posts (marked 1, 2, 3 and 4) should be such that the corner legs of the screen (also marked 1, 2, 3 and 4) fit in easily in the sockets at the top of the corresponding posts. The number of a leg of the screen and the corresponding number on the post should face in the same direction.

Before fixing the posts permanently by ramming the concrete, make sure that they are **perfectly vertical** and their tops are **1.25 m. above** the ground and that the door of the Screen mounted on the posts **faces north.** Then fix the legs of the Screen in the sockets by means of 7.5 cm. screws.

Cautionary Note :

(1) Always use the graduations marked on the stem of the thermometer itself to avoid errors due to improper alignment of the stem and the mount.

(2) Ensure that the bulb of the wet bulb thermometer is free from encrustation and that the muslin and wick are clean.

7—383 A. D. G. Met./Pune/88

(3) बल्ब के शुष्क होने पर, प्रेक्षण से पूर्व बोतल में या आर्द्र बल्ब पर जल न डालें।

(4) प्रेक्षण के पश्चात्, आवरण के दरवाज़े को बन्द करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि सेट करने के बाद अधिकतम एवं न्यूनतम तापमापी अपने आधारों पर ठीक तरह से बैठा दिए गए हैं।

(5) आवरण के दरवाज़े को जोर से बन्द न करें। इसके कारण अंदर के तापमापी हिल सकते हैं।

2.3. **वर्षण :**

वर्षण दो प्रकार का होता है वर्षा और हिमपात; और इसे नापने के लिए देखा जाता है कि किसी एक भू क्षेत्र पर इसकी कितनी मोटी परत बनी है या उस पर रुका जल कितना गहरा है, इसके लिए शर्त यह है कि बरसे हुए जल में वाष्पोत्सर्जन, बह जाने या जमीन द्वारा सोखे जाने से कोई कमी न आई हो या हिमपात के रूप में हुए वर्षण में से कोई भाग पिघल न गया हो।

2.3. **(क) वर्षा :**

वर्षण को मापने का सरलतम् तरीका है कि एक निश्चित क्षेत्रफल के क्षैतिज दिशा में गोल छेद वाले एक वर्षामापी को लगाया जाए, और उसमें इकट्ठे होने वाले वर्षा जल को नियमित अन्तराल से मापा जाए, यह माना जाता है कि मापक में एकत्रित वर्षा की मात्रा, जिस स्थान पर मापक रखा गया है उस स्थान पर हुई वर्षा की द्योतक है। वर्षा को ठीक तरह से मापने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखना चाहिए, जैसे :—उपकरण और उसके स्थान का चुनाव, वर्षा-मापक का आकार और उसका परिसर, वाष्पन द्वारा वर्षा जल में कमी की रोकथाम, पवनों और छींटों का प्रभाव।

2.3.1 **वर्षा का माप :**—किसी भी जगह में वर्षा की मात्रा, वर्षा-मापी द्वारा मापी जाती है। साईमन स्वरूप वाला वर्षामापी जिसमें विशेष रूप से अंशांकित ग्लास मापी उपयोग किया जाता था भारत मौसम विज्ञान विभाग का मानक वर्षामापी था। 1969 में भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश के सभी वर्षामापी केन्द्रों पर फाएबर ग्लास व रिइनफोर्स पोलिएस्टर निर्मित वर्षा मापियों को मानक वर्षामापी के रूप में उपयोग करने की विश्व मौसम संघ की सिफारिश मान ली।

(3) Do not pour water on the wet bulb or the bottle just before the observation finding the bulb dry.

(4) Before closing the door of the screen after an observation ensure that the maximum and minimum thermometers are kept on their supports firmly after setting.

(5) The Door of the screen should not be closed with a bang so as to jerk the thermometers inside.

2.3 **Precipitation :**

Precipitation, whether it is rain or snow is expressed as the depth to which it would cover a horizontal projection of the earth's surface, if there were no loss by evaporation, run-off or infiltration and if any part of the precipitation falling as snow or ice were melted.

2.3 (a) **Rainfall :**

The simplest method of measuring precipitation is by setting up gauges with a horizontal circular aperture of known area, collecting and measuring at regular intervals the precipitation collected in them. It is assumed that the amount of precipitation collected in the gauge is representative of a certain area around the point where the measurement is made. The choice of the instrument and the site itself, the form and exposure of the measuring gauge, the prevention of loss of precipitation by evaporation and the effects of wind and splashing are some of the important points to be considered in the correct measurement of precipitation.

2.3.1 **Measurement of Rainfall.**—The amount of rainfall at a station is measured by a raingauge. The standard raingauge of the India Meteorological Department was the Symon's pattern raingauge used with specially graduated measure glasses. In 1969, the India Meteorological Department accepted the recommendations of the World Meteorological Organisation for the use of Fibre Glass Reinforced Polyster (FRP) Raingauges as the standard instruments at all raingauge stations in the country.



Fig. 14(i) – FRP RAINGAUGE



Fig. 14 (ii)—RAINGAUGE 200mm RAINFALL



Fig. 14 (iii)—COLLECTORS OF DIFFERENT CAPACITY



FIG. 14 (a) – MEASURE GLASS FOR 100 sq. cm. RAINGAUGE. (20 mm. OF RAIN)



Fig. 14 (b)—MEASURE GLASS FOR 200 sq cm RAINGAUGE (20 mm OF RAIN)

वर्षामापी के अनिवार्य अंग हैं : (1) 100 या 200 वर्ग सें०मी० क्षेत्रफल वाले वास्तविक गोलाकार गनमैटल के रिम सहित संग्राहक, (2) आधार, (3), पोलिथीन की बोतल और (4) मापने का गिलास। संग्राहक और आधार दोनों ही फाइबर ग्लास व रिइन्सफोर्स्ड पोलिएस्टर से बने होते हैं। [चित्र–14 (क) और (ख)] संग्राहक में एक लम्बी नली वाला कीप लगा होता है। पूर्ण वर्षामापी में हल्का सा टेपर होता है जिसकी वजह से ऊपरी भाग कम चौड़ा होता है। संग्राहकों के छेदों की बनावट ऐसी होती है कि एक बार बनाए गए 100 और 200 वर्ग सें०मी० के क्षेत्रफल वाले छिद्रों को आपस में बदला जा सके। 100 वर्ग सें०मी० के लिए छोटे संग्राहक का व्यास 112.9 मि०मी० होता है। 200 वर्ग सें० मी० के लिए बड़े का व्यास 159.6 मि०मी० होता है। इसमें दो प्रकार के आधार भी होते हैं जिन्हें परस्पर बदला जा सकता है। छोटा आधार सबसे बड़े अभिग्राही के अलावा सभी प्रकार के अभिग्राहियों के लिए प्रयुक्त होता है। संग्रहित वर्षा जल, आधार में रखी बोतल में इकट्ठा होता रहता है और एक विशेष प्रकार के गिलास मापी के द्वारा मापा जाता है। यह गिलास मापी उसके छेद को क्षेत्रफल के लिए उपयुक्त होता है और मिलीमीटर के दसवें भाग तक अंशांकित रहता है। इसमें सामान्यत: 20 मि०मी० तक वर्षा जल ग्रहण करने की क्षमता होती है।

(i) **वर्षा को मापने का तरीका :—** वर्षा मापी के कीप को हटाकर पोलिथीन बोतल को बाहर निकाल लें। [चित्र–14 (क) और (ख)] के अनुसार मापी गिलास को खाली बर्तन (टब) में रखें और इकट्ठा किए हुए जल को बिना छलकाए धीरे से गिलास मापी के अन्दर डालें। यदि फिर भी, बर्तन में जल छलक जाए तो संपूर्ण मात्रा को नापने से पूर्व मापी गिलास के जल में छलके हुए जल को सम्मिलित कर लें। मापी-गिलास में जल की मात्रा को पढ़ते समय उसे पहली अंगुली तथा अंगुठे से ऊर्ध्वाधर की स्थिति में पकड़े या मेज पर या अन्य क्षैतिजीय स्तर पर रखें। आंख को गिलास मापी के जल के बराबर लाकर जल की वक्र सतह या मेनिस्कस के नीचले भाग का पाठ्यांक पढ़े। वर्षा की मात्रा का पाठ्यांक मि०मी० और उसके दशांश में लेना चाहिए। इस बात का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है कि वर्षा की मात्रा को मापने के

The essential parts of a raingauge are : (1) a collector with a gun metal rim of truly circular shape 100 or 200 sq. cm. area (2) a base, (3) a polythene bottle and (4) a measure glass. Both the collector and the base are made of fibre glass reinforced polyster. [Fig. 14 (a) and (b)]. The collector has a deepset funnel and the complete raingauge has a slight taper with the narrower portion at the top. The collectors have their apertures so designed that the 100 and 200 sq. cm. area ones are interchangeable. The smaller collector has a diameter of 112.9 mm corresponding to 100 sq. cm. and the bigger one is of 159.6 mm diameter corresponding to 200 sq. cm. There are also two types of interchangeable bases, the smaller base being used for all types of receivers except the largest. The rain falling into the funnel collects in the bottle kept inside the base and is measured by means of special measure glass which is appropriate to the area of the aperture and which is graduated in tenths of millimeter. This has usually a capacity of 20 mm of rain.

(i) **How to Measure the Rainfall.**—Remove the funnel of the raingauge and take out the polythene bottle. Place the measure glass [Fig. 14(a) and (b)] in an empty basin and slowly pour the contents of the receiver into the glass taking care to avoid spilling. If however, any water is spilled into the basin, add it to the water in the measure glass before arriving at the total amount collected. While reading the amount of rain in the measure glass, hold it upright between the thumb and the first finger or place it on a table or other horizontal surface. Bring the eye to the level of the water in the glass and take the reading of the bottom of the meniscus or curved

लिए प्रयोग में लाई जाने वाला मापी-गिलास वर्षामापी कीप के अनुरूप ही होना चाहिए अन्यथा पूर्णतया गलत परिणाम प्राप्त होंगे।

(ii) **किश्तों द्वारा माप** :—यदि वर्षा जल अभिग्राही में वर्षा जल की मात्रा 20 मि०मी० से अधिक हो तो उसे दो-तीन बार में थोड़ा-थोड़ा करके मापना चाहिए और सभी मापों को जोड़ कर कुल वर्षा जल का पता लगाना चाहिए। उदाहरण के लिए मापी-ग्लास में वर्षा जल 20 मि०मी० तक दो बार और तीसरी बार 9 मि०मी० आता है तो कुल वर्षा जल 20+20+9=49 मि०मी० हुआ, किन्तु वास्तविक व्यवहार में मापी गिलास में वर्षा जल ठीक 20 मि०मी० के शीर्ष-चिन्ह तक नहीं भरा जाता (मापी गिलास में 20 मि०मी० तक वर्षा जल मापने के लिए चिन्ह होते हैं) ऐसा केवल परीक्षणों के लिए किया जाता है। जिनमें काफी समय लगता है। मापी गिलास में शीर्ष चिन्ह (20 मि० मी०) से पहले किसी चिन्ह तक जल भरने में कम समय लगेगा और पाठ्यांक आसानी से लिया जा सकेगा। उदाहरणार्थ 49 मि०मी० वर्षा जल को 15+14+10+10=49 कि०मी० करके चार बार भरके मापा जा सकता है।

(iii) **जाँच के लिए पुनर्माप** :—गलत पाठ्यांक से बचने के लिए वर्षा जल को प्रथम माप के पश्चात ही फेंकना नहीं चाहिए अपितु एक बर्तन में डालकर पुनः मापना चाहिए। **वर्षा जल की मात्रा को हमेशा मौसम विभाग के रजिस्टर में लिख लेना चाहिए और जल को फेंकने से पूर्व पुनर्माप द्वारा जांच कर लेनी चाहिए।***

(iv) **वर्षा जल का अभिप्रवाह** (बाहर बह जाना) :—भारी वर्षा के दौरान **थोडे-थोडे समय के बाद** वर्षामापी की जांच करते रहें और वर्षा जल को माप लें या, (यदि उपलब्धि हो तो) प्रेक्षण के समय मापने के लिए अच्छी तरह से कार्क लगी बोतलों में रख ले। ऐसा न हो कि अभिग्राही, जोकि सामान्यतः 400 कि०मी० वर्षा जल ग्रहण करता है में से वर्षा जल बाहर बहना शुरू हो जाए। यदि फिर भी वर्षा जल बहकर अतिरिक्त सिलिंडर में जमा हो जाए तो उसे सावधानीपूर्वक निकाल लेना चाहिए। उस जल की मात्रा को मापकर अभिग्राही में रखे

*ध्यान दें :—यदि स्टोर में आर्द्र बल्ब के लिए वर्षाजल अथवा आसवित जल पर्याप्त न हो तो ठीक कीए तरह से कॉर्क लगी बोतलों में वर्षा जल का संग्रह करें।

surface of the water. The amount of rain should be read in millimetres and tenths. It is extremely important to note that the correct type of measure glass appropriate to the type of rain-gauge funnel in use should be used for measuring the amount of rain; otherwise completely wrong results will be obtained.

(ii) **Measurement by Instalments.**—If the receiver contains more than 20 mm of rain, measure it in two or more instalments and add the amounts together. For instance if the rainwater fills 20 mm glass to the top mark twice and the remainder measures 9 mm at the third filling, the total amount of rainfall is (20+20+9) 49 mm. In actual practice the glass need not be filled exactly to the 20 mm mark as this can be done only by trials which require time. It is much quicker to fill the glass very near to the top graduation and note the actual reading at each filling. For example 49 mm of rain may be measured in 3 or 4 instalments as indicated below :

15+14+10+10=49 mm.

(iii) **Remeasurement for Check.**—To avoid error the rain water should not be thrown away after the first measurement, but should be poured into a vessel and remeasured. **The amount should always be written down in the Meteorological Register and checked by remeasurement before the water is thrown away.***

(iv) **Overflow of Rainwater.**—During heavy rain inspect the raingauge at **frequent intervals** and measure out the rainfall or keep it in a bottle (if provided) securely corked for measuring at the time of observation, lest the receiver which can normally hold 400 mm of rainwater, should overflow. If however, rain water **has** overflown into the additional cylinder, this should be taken out carefully and its contents measured and added to the amount of water in the receiver. **If there are a**

* N.B. :—If your stock of rain water for the wet bulb is not sufficient, store up more water in well-corked bottles (See Section 2.2.2).

8—383 A. D. G. Met./Pune/88

हुए जल के साथ मिला दें। **यदि वर्षा जल बार-बार बाहर बह जाता है तो उसकी सूचना नियंत्रक, मौसम कार्यालय को देनी चाहिए और अधिक क्षमता वाले वर्षा जल अभिग्राही की मांग करनी चाहिए।**

(v) **हिम या ओला.**—हिमपात या ओला-वृष्टि के दिनों में, जबकि वर्षामापी में संग्रहित जल जम जाता है तो सर्वप्रथम बोतल को संग्राहक सहित बाहर निकाले और बर्फ या हिम को पिघलाने के लिए उसमें मापी गिलास द्वारा मापकर गर्म जल डालें। पूर्ण रूप से पिघलाने के पश्चात् बोतल में कुल जल की मात्रा को मापें। उसमें डाले गए गर्म जल की मात्रा घटा दें। यदि वर्षण हिम या जलमिश्रित हिम के रूप में हो तो, संग्राहक के ऊपर से हिम को शीघ्र ही निकाल कर संग्राहक में दबा कर भर दें। ऊपर बताई गई विधि से हिम को पिघलाएं और इस प्रकार दबाई गई बर्फ के बराबर जल की मात्रा प्राप्त करें। बोतल में पहले से ही वास्तविक वर्षा या पिघले हुए हिम के रूप में एकत्रित जल की मात्रा को भी मापना चाहिए। जब भारी हिमपात होता है तो इन दोनो के योगफल द्वारा वर्षण की मात्रा मि०मी० में देते हैं। मापक के पूर्ण रूप से हिम में दब जाने पर या पवन द्वारा हिम को उड़ा देने की अवस्थाओं में वर्षामापी द्वारा दिया गया पाठ्यांक अविश्वसनीय होगा।

यदि फिर भी भारी हिमपात के कारण मापी पूर्ण रूप से दब जाए या मापी के ऊपर हिम तेज पवनों द्वारा उड़कर आसपास गिर जाए तो जहां भूमि पर्याप्त समतल हो वहां दो-तीन स्थानों पर ताजी जमी हुई हिम के अन्दर छड़ी या डंडी को ऊर्ध्वाधर स्थिति में घुसाकर हिम की गहराई को मापें। **इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि मापी के गत पाठ्यांक के पश्चात् ही पड़ी हिम की गहराई को मापे।** विभिन्न स्थानों पर लिए गए अनेक मापों के माध्य को लेना चाहिए। हिम की गहराई को वर्षण के मि०मी० में परिवर्तित करने के लिए, लगभग 100 मि० मी० हिम को 10 मि०मी० वर्षा के बराबर लें।

टिप्पण.—हिम माप के लिए विस्तृत अनुदेश खण्ड 2.3.5 में दिए गए हैं।

(vi) **मापी-गिलास का आकस्मिक टूट जाना.**—सामान्यतः प्रत्येक स्टेशन को दो मापी गिलास प्रदान किए जाते हैं। एक प्रयोग के लिए और दूसरा अतिरिक्त। यदि प्रयोग में लाया जाने वाला गिलास टूट जाए तो अतिरिक्त गिलास का प्रयोग किया जाता है। नियंत्रक मौसम

Tank for open pan evaporimeter	Jensolac	Red oxide primer	Acid and Alkali resistant white (Chlorinated rubber white)	Do.	..
Thermometer Screen	—	One coat of primer (red oxide)	One coat of Robbialac Jhimil white	Do.	..

अध्याय 4

विशेष उपकरण एवं प्रेक्षण

4.1 ऐस्मान साइक्रोमीटर :

4.1.1 सामान्यः—यदि वायु नमी से संतृप्त न हो तो, आर्द्र बल्ब तापमापी हमेशा शुष्क बल्ब तापमापी से कम रीडिंग देगा। ऐसा इसलिए होता है कि आर्द्र बल्ब के चारों तरफ लपेटे हुए मलमल से वाष्पन के कारण बल्ब के आस-पास का वातावरण ठंडा हो जाता है। आर्द्र बल्ब ताप न केवल आस-पास के जल वाष्प की मात्रा पर ही बल्कि उसके ऊपर से गुज़रने वाली वायु की गति पर भी निर्भर करता है। सामान्य तापमापियों के लिए शुष्क और आर्द्र बल्ब रीडिंग से आपेक्षिक आर्द्रता के गणन का सूत्र तभी ठीक होगा जब पवन की गति 4 और 10 मीटर प्रति सैकिंड (अर्थात् 8 और 20 सें.मी के मध्य) हो। यह अवस्था तापमापी आवरण में हमेशा नहीं मिलती। इसके अतिरिक्त आवरण में शुष्क बल्ब तापमापी की रीडिंग सदा विकिरण से अप्रभावित नहीं होती है। अतः वायु के सही ताप का पता नहीं चलता है। ये कमियां ऐस्मान साइक्रोमीटर (चित्र 21) द्वारा पूरी की जा सकती हैं जोकि आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने योग्य उपकरण होता है और इसको इस प्रकार डिज़ाइन किया जाता है कि यह वायु

चित्र—2 1ऐस्मान साईक्रोमीटर

CHAPTER 4

SPECIAL INSTRUMENTS AND OBSERVATIONS

4.1 Assmann Psychrometer :

4.1.1 **General :**—If the air is not saturated with moisture, the wet bulb thermometer will always read less than the dry bulb thermometer. This is due to evaporation of water from the muslin round the wet bulb and the consequent cooling. The wet bulb temperature depends not only on the amount of water vapour in the air surrounding it but also on the speed with which the air is passing over it. For ordinary thermometers, the formula for calculating the relative humidity from the dry and wet bulb readings is correct only for wind speeds between 4 and 10 metres per second (i.e. between 8 and 20 kts.). This condition is not always obtained in a Thermometer Screen. Moreover, readings of a dry bulb thermometer in the screen are not always unaffected by radiation and do not then indicate the true temperature of the air. These drawbacks are overcome in the Assmann Psychrometer (Fig. 21) which is a portable instrument designed to give more accurate readings of the wet and dry bulb temperatures of the air. In this instrument air is drawn past the dry and wet bulbs by means of a clock-work exhaust motor. Each bulb is protected from external radiation by two highly polished coaxial tubes so that the instrument can be held



Fig. 21—ASSMANN PSYCHROMETE

के आर्द्र और शुष्क बल्ब तापों की अधिक यथार्थ रीडिंग दे सके। इस उपकरण में क्लॉक कार्य निर्वातक मोटर द्वारा शुष्क और आर्द्र बल्बों की वायु खींच ली जाती है। प्रत्येक बल्ब, दो बहुत अच्छी तरह पॉलिश किए गए समाक्षा ट्यूबों द्वारा बाह्य विकिरण से बचाया जाता है जिससे कि उपकरण को प्रबल सूर्य की रोशनी में भी सूर्य विकिरण के साइक्रोमीटर रीडिंग पर बिना किसी हानिकारक प्रभाव के रखा जा सके। उपकरण और इससे संबंधित उपयोगी अनुदेशों के विस्तृत विवरण नीचे दिए गए हैं :—

4.1.2 **विवरण** :—ऐसमान साइक्रोमीटर (चित्र 21) दो सुग्राही पारायुक्त ग्लास तापमापियों 'अ, अ^1' से बना होता है जोकि उच्च कोटि के पॉलिश किए हुए ढांचा 'द' में निकैल पट्टी पर साथ साथ चढ़ा होता है। तापमापियों के रीडिंग का परिसर — 10° सें + 60° सें. तक होता है और 0.1°सें. तक ठीक-ठीक पढ़ा जा सकता है। तापमापियों का एक बल्ब पतले मलमल से ढ़का होता है जिसे प्रयोग से पूर्व आसवित् जल द्वारा नम किया जाता है। तापमापी अपने बल्बों सहित ढांचे पर जुड़े होते हैं। दो पतले समाक्ष धातु ट्यूब 'ब,ब^1' जिन पर निकैल की प्लेटिंग और उच्च कोटि की पालिश लगी होती है, तापमापी बल्ब को घेरे रहते हैं। टफनाल प्रतिधारक टुकड़े 'इ,इ^1' तापमापी एवं ढ़ाचे के शेष भाग के बीच में तापीय रोधक का कार्य करते हैं और सौर्य विकिरण के उद्भासन के प्रभाव से बल्बों की रक्षा करते हैं। टफनाल टुकड़ों के स्क्रू को निकालकर ढ़ांचे में से ट्यूबों को हटाया जा सकता है। बल्ब के पास वायु संचार पंखा "फ" द्वारा किया जाता है। यह पंखा हाउसिंग "ह" में लगे हुए क्लॉक-कार्य-मोटर द्वारा चलता है। बल्ब के पास से वायु निकाल कर ऊपर रिक्त मध्य स्तंभ "स" में भेज दी जाती है। क्लॉक-कार्य मोटर एक घुमाने में लगभग 7-8 मिनट के लिए चलती है और लगभग 5 मिनट के लिए बल्बों को पर्याप्त वायु संचार उपलब्ध कराती है जब तापमापी के पुनः स्थापन की आवश्यकता होती है तब ढ़ाचे के तापमापियों को मोटर हाउसिंग से स्क्रू ढ़ीला करके निकाला जा सकता है। हाउसिंग के ऊपरी भाग में उपलब्ध निलंबित छल्ला "र" या तो उपकरण में लगे हुए धातु-आधारित फिटिंग से या किसी व्यक्ति के हाथ से तापमापियों को उर्ध्वाधर लटकाने में उपकरण को सहायता प्रदान करता है। उपकरण के साथ आर्द्र बल्ब के लिए मलमल, आसवित् जल के लिए पात्र, धातु-आधारित फिटिंग और आर्द्र बल्ब को नम करने के लिए एक अन्तः क्षेपक भेजा जाता है।

even in strong sunshine without risk of solar radiation affecting the readings. Detail description of the instrument and instructions for its use are given below :—

4.1.2 **Description :**—The Assmann psychrometer (Fig. 21) consists of two sensitive mercury-in-glass thermometers A, A^1 mounted side by side in a nickel-plated, highly polished frame D. The thermometers have a range of $-10°$ to $+60°C$ and can be read correct to 0.1°C. The bulb of one of the thermometers is covered with thin muslin which is moistened with distilled water before use. The thermometers are suspended in the frame with their bulbs surrounded by two thin coaxial metal tubes B, B^1 which are nickel plated and highly polished; they are thermally insulated from the rest of the frame by tufnol retaining pieces E, E^1 and protect the bulbs from the effects of exposure to solar radiation. The tubes can be removed from the frame by unscrewing the tufnol pieces. Ventilation of the bulbs is effected by the fan F, driven by the clock-work motor encashed in the housing H, air being drawn past the bulbs and up the hollow central column C. The clock-work motor runs for about 7-8 minutes on one winding and provides adequate ventilation of the bulbs for about 5 minutes. The frame complete with thermometers can be unscrewed from the motor housing when it is required to replace a thermometer. A suspension ring "R" provided at the top of the housing enables the instrument to be hung with the thermometers vertical either from a metal support fitting, provided with the instrument as an accessory, or from one's hand. The instrument is supplied with muslin for the wet bulb, a container for distilled water, the metal support fitting and an injector for moistening the wet bulb.

4.1.3 **उद्भासन:**—खुले स्थान पर उपकरण को या तो किसी शिकंजे में से या पतले खंभे से संलग्न टेक से लटकाकर प्रेक्षण लेना चाहिए। वाहिनियां भूमि से लगभग 1.2 मीटर होनी चाहिए या एक हाथ दर हाथ से पकड़े रहना चाहिए। वाहिनियों का प्रवेश द्वार पवन की दिशा से थोड़ा झुका होना चाहिए

तापमापी आवरण में रखे हुए तापमापियों द्वारा सूचित तापों से तुलना करने के लिए, आवरण में हुक द्वारा इसे लटकाना चाहिए या बाहर की तरफ हाथ में पकड़ना चाहिए, जैसा कि ऊपर बताया गया है।

4.1.4 **प्रचालन :**

4.1.4.1 आर्द्र बल्ब को नम करें। इसके लिए अन्तःक्षेपक को आसवित जल से भरें और बल्ब को तब तक दबायें जब तक कि जल ग्लास ट्यूब के ऊपर तक न उठ जाए। फिर ट्यूब को साइक्रोमीटर के दायें हाथ के प्रवेश द्वार में तब तक दबायें जब तक कि आर्द्र बल्ब के आस-पास का मलमल पूरी तरह से जल में न डूब जाये और फिर अन्तःक्षेपक को निकाल दें। **अन्तःक्षेपक को पिचकारी की तरह आर्द्र बल्ब को कभी भी नम नहीं करना चाहिए।** धातु ट्यूब के अंदर या आस-पास जल न छलकने दें। यदि आर्द्र बल्ब के चारों तरफ अतिरिक्त जल जमा हो तो उपकरण को धीरे से हिलाकर जल को बाहर निकाल दें।

4.1.4.2 क्लॉक कार्य मोटर को घुमायें; अधिक न घुमायें।

4.1.4.3 आर्द्र बल्ब रीडिंग के स्थिर होने तक, लगभग 2 मिनट की प्रतीक्षा करें। यदि प्रेक्षण के दौरान, आर्द्र बल्ब ताप सहसा बढ़ जाए तो मलमल के शुष्क हो जाने की संभावना रहती है। मलमल को फिर से नम करना चाहिए और रीडिंग को दोहराना चाहिए।

4.1.4.4 आर्द्र बल्ब को पढ़ें।

4.1.4.5 शुष्क बल्ब को पढ़ें।

4.1.5 **सावधानियां :**

4.1.5.1 आर्द्र बल्ब को नम करने के लिए केवल आसवित या वर्षा-जल का प्रयोग करना चाहिए।

4.1.5.2 तापमापियों को 0.1° से° तक ठीक रीडिंग करनी चाहिए और आर्द्रता की गणना से पूर्व तापमापियों का सूचक संशोधन करना चाहिए।

4.1.3 **Exposure :**—Observations should be made in an open place with the instrument either suspended from a clamp or bracket attached to a thin post, with the ducts about 1.2 m. from the ground, or held by one hand at arm's length, with the inlets slightly inclined into the wind.

For comparison with temperatures indicated by thermometers in the Thermometer Screen it should be hung inside the screen by means of a hook or held in the hand out-side, as described above.

4.1.4 **Operation :**

4.1.4.1 Moisten the wet bulb. To do this, the injector is filled with distilled water and the bulb is pressed until water rises to the top of the glass tube. The tube is then pushed up the right hand inlet of the psychrometer until the muslin surrounding the wet bulb is fully immersed in water and the injector is then withdrawn. **The wet bulb should never be moistened by using the injector as a squirt.** Do not spill any water in and around the metal tubes. Shake the instrument **gently** to throw out excess water, if any, round the wet bulb.

4.1.4.2 Wind the clock-work motor; do not overwind it.

4.1.4.3 Wait for about two minutes until the wet bulb reading has become steady. If during observation, the wet bulb temperature shows a sudden rise, it is very likely that the muslin has become dry. The muslin should then be moistened again and the reading repeated.

4.1.4.4 Read the Wet Bulb.

4.1.4.5 Read the Dry Bulb.

4.1.5 **Precautions :**

4.1.5.1 Only distilled or rain water should be used for moistening the wet bulb.

4.1.5.2 The thermometers should be read correct to 0.1°C and the index corrections of the thermometers applied before the humidity calculations are made.

4.1.5.3 वायु की आपेक्षिक आर्द्रता, ओसांक और वाष्प दाब को प्राप्त करने के विशेष आर्हता सारणियों का प्रयोग करना चाहिए। ये, उन सारणियों से अलग होती हैं जिनका प्रयोग, तापमापी आवरण में रखे गए शुष्क और आर्द्र बल्ब रीडिंग तापमापियों से आपेक्षिक आर्द्रता आदि प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

4.1.5.4 मलमल को साफ रखें और आवश्यकतानुसार बार-बार परिवर्तित करते रहें। क्लॉक-कार्य गुम्बद के स्क्रू को ढीला करके तापमापी को निकाला जा सकता है जोकि उपकरण के ढ़ांचे में तापमापियों को उचित स्थान पर रखता है। किसी भी प्रकार के संदूषण का दिखाई देना इस बात को इंगित करता है कि पुनर्स्थापन आवश्यक है। मलमल के केवल एक परत का प्रयोग करें और यह थैला बल्ब के चारों तरफ अच्छी तरह लगायें। कभी भी आर्द्र बल्ब के लिए बत्ती की लम्बी ट्यूबों को दिया जाता है। जब इनका प्रयोग किया जाता है तो इनको उचित लम्बाई में आवश्यकतानुसार काटें और इसे बल्ब के ऊपर और नीचे बाँधें। यदि आवश्यकतानुसार बल्ब के चारों तरफ यह ठीक न बैठें तो मलमल के समतल टुकड़े के समान यह बत्ती उतनी संतोषजनक नहीं होगी।

मलमल को साफ साबुन और जल से अच्छी तरह धोना चाहिए और आर्द्र बल्ब के चारों तरफ लपेटने से पूर्व आसवित जल में कई बार प्रक्षालन कर लेना चाहिए। मलमल और बत्ती को पकड़ते समय, हाथ के प्रदूषण से बचाने का ध्यान रखना चाहिए।

4.2 परिभ्रमण साईक्रोमीटर :

4.2.1 विवरण :—परिभ्रमण या दोली साईक्रोमीटर में तापमापियों को चक्रीय गति कराकर या घूर्णन कराकर उद्देश्य की पूर्ति की जाती है। इस उद्देश्य के लिए दोनों तापमापियों को उचित लकड़ी के ढ़ांचे में एक दूसरे के बगल में लगाया जाता है (चित्र 22)। तापमापी बल्ब के पास लगभग पांच मीटर प्रति सैकिंड की वांछनीय वायु गति को प्राप्त करने के लिए 30 सें० मी० लम्बे साईक्रोमीटर के लिए लगभग चार परिक्रमण प्रति सैकिंड पर्याप्त हैं।

4.1.5.3 **Special humidity tables should be used** to obtain the relative humidity, dew point and vapour pressure of the air. These are different from the tables used to determine relative humidity etc., from dry and wet bulb reading of Thermometers kept inside a Thermometer Screen.

4.1.5.4 Keep the muslin clean and change it as frequently as required. The thermometers can be withdrawn by unscrewing the clock-work dome which holds them in position in the frame of the instrument. Any visible contamination should be considered an absolute indication of the necessity of replacement. Only one layer of muslin should be used and the bag should fit snugly on the bulb. Long tubes of wicking are sometimes supplied for wet bulb. When these are used, it is only necessary to cut off the proper length and tie it above and below the bulb. This wicking is not as satisfactory as the flat piece of muslin if it does not fit as snugly to the bulb as desired.

The muslin, should be washed thoroughly in pure soap and water and rinsed several times in distilled water before fixing it round the wet bulb. Care should be taken in handling the muslin or wick to prevent contamination from the hand.

4.2 **Whirling Psychrometer :**

4.2.1 **Description :**—In the whirling or sling psychrometer, the aspiration is provided by whirling or rotating the thermometers, which are mounted side by side on suitable wooden frame for that purpose (Fig. 22). To obtain the desirable air speed of about five metres per second past the thermometer bulbs, about four revolutions per second are sufficient for a 30 cm long psychrometer.

4.2.2 प्रचालन :

4.2.2.1 बत्ती को पूर्ण रूप से नम करने के लिए न्यूनतम जल की मात्रा द्वारा आर्द्र बल्ब को नम करें और ढांचे पर जल को छलकने न दें।

चित्र 22 —परिभ्रमण साईक्रोमीटर

4.2.2.2 उपकरण को घुमाएं। सूर्य की तरफ पीठ घुमाकर खड़ें हो जिससे उपकरण पर सूर्य की रोशनी सीधी न पड़े या ऐसे स्थान पर खडे होकर घुमाए जहां पर सूर्य की रोशनी सीधी न पड़ती हो।

4.2.2.3 घुमाने के लगभग 15 सैकिंड पश्चात् आर्द्र बल्ब तापमापी को पढ़े और इस बात का ध्यान रखे कि उपकरण आप के शरीर की छाया में रहें, किन्तु इतना पास भी न रहें कि शरीर की गर्मी से रीडिंग पर प्रभाव पड़े। इस रीडिंग को नोट करें परन्तु अभिलेखित न करें।

4.2.2.4 लगातार घुमाते रहें और लगभग 10 सेकिंड के पश्चात् पढ़ें। यदि फिर भी रीडिंग में तेजी से कमी आये तो 10 सेकिंड के अंतरालों में लगातार रीडिंग लेते रहें। यदि क्रम से आने वाली अगली रीडिंगों में केवल एक डिग्री या कम का अन्तर हो तो रीडिंग के अन्तराल 5 सेकिंड से अधिक नहीं होने चाहिए।

4.2.2.5 अन्त में, जब लगातार वायुसंचार के कारण आर्द्र बल्ब तापमापी के सूचित ताप में आगे कोई कमी न हो तो निम्नतम रीडिंग को 0.1 डिग्री सें० तक सही नोट करें और अभिलेखित करें।

4.2.2.6 उसी समय शुष्क बल्ब तापमापी को भी पढ़ें।

4.2.2 **Operation :**

4.2.2.1 Moisten the wet bulb, using the minimum amount of water to wet the wick completely and without spiling any water on the frame.



Fig. 22—WHIRLING PSYCHROMETER

4.2.2.2 Whirl the instrument, standing with the back to the Sun to avoid direct sunlight falling on the instrument, or in a place sheltered from direct solar radiation.

4.2.2.3 Read the wet bulb thermometer after about 15 seconds of whirling and take care to hold the instrument in the shade of the body, but not so close as to allow body heat to affect the reading. Note this reading but do not record it.

4.2.2.4 Continue whirling and read after about 10 seconds. If the reading is still dropping rapidly, continue reading at intervals of ten seconds. When succeeding readings become separated by only one degree or less, they should be made at intervals not longer than 5 seconds.

4.2.2.5 Finally, when continued ventilation causes no further lowering of indicated temperature from the wet bulb thermometer, note and record the lowest reading correct to 0.1°C.

4.2.2.6 Read the dry bulb thermometer at the same time.

4.2.3 सावधानियां :

4.2.3.1 चूंकि बल्बों को विकिरण से सुरक्षित नहीं रखा जा सकता है तो साईक्रोमीटर का प्रयोग, हमेशा छाया में, सूर्य की सीधी किरणों से अलग स्थान में, करना चाहिए।

4.2.3.2 परिभ्रमण साईक्रोमीटर द्वारा वायु की आपेक्षिक आर्द्रता ओसांक और वाष्प दाब को प्राप्त करने के लिए विशेष आर्द्रता सारणियों का प्रयोग करना चाहिए। ये सारणियां, उन सारणियों से भिन्न होती हैं जिनका प्रयोग तापमापी आवरण में रीडिंग से आर्द्रता को प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

4.2.3.3 प्रचालन में उचित सावधानी न बरतने से और परिभ्रमण साईक्रोमीटर को स्टोर में ठीक से न रखने से तापमापी प्रायः आसानी से टूट जाते हैं।

4.2.3.4 आर्द्र बल्ब को नम करने के लिए केवल आसवित या वर्षा के जल का प्रयोग करना चाहिए।

4.2.3.5 बत्ती या मलमल, जो आर्द्र बल्ब पर अविरण का कार्य करता है और उसे धूल एवं अवांछित वस्तुओं से बचाता है, को आवश्यकतानुसार कभी कभी बदलते रहना चाहिए। मलमल या बत्ती को अच्छी तरह से साफ साबुन और जल से धोना चाहिए और प्रयोग में लाने से पूर्व आसवित जल में कई बार खंगालना चाहिए। इस बात की सावधानी बरतनी चाहिए कि मलमल को पकड़ते समय उसमें हाथ की मैल न लग जाए।

4.3 दूब स्तर न्यूनतम तापमापी :

4.3.1 विवरण.—दूबस्तर न्यूनतम या पार्थिव विकरण तापमापी का प्रयोग मुख्यतः रात्रि में "भूमि पाला" के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए किया जाता है। यह एक आच्छादित न्यूनतम तापमापी होता है जिसमें बाध्य शीशे के जैकेट द्वारा नली का अंशाकन सुरक्षित रखा जाता है। बल्ब लिंक आकार का होता है और गोलाकार बल्ब की तुलना में उद्भासन के लिए बड़ा क्षेत्र उपलब्ध कराता है।

4.3.2 उद्भासन.—उपकरण 2.5 से 5.0 सें०मी० ऊंचाई की छोटी घास से ढके भूमि पर तापमापी 12 सें०मी० की गहराई में लगे हुए स्क्रीन आवरण में

4.2.3 **Precautions :**

4.2.3.1 Since the bulbs are not protected against radiation, the psychrometer should always be used only in the shade, sheltered from direct sun.

4.2.3.2 Special humidity tables should be used to obtain relative humidity, dew point or vapour pressure of the air by means of the whirling psychrometer. These are different from the tables used for determining humidity from the readings in a Thermometer Screen.

4.2.3.3 Thermometers may easily be broken as a result of lack of proper care in the operation and storage of whirling psychrometer.

4.2.3.4 Only distilled or rain water should be used for moistening the wet bulb.

4.2.3.5 The wick or muslin should be replaced as often as necessary to maintain a covering that is free from dust and other foreign matter. The muslin or wick should be thoroughly washed in pure soap and water and rinsed several times in distilled water before it is used. Care should be taken in handling the muslin to prevent contamination from the hand.

4.3 **Grass Minimum Thermometer :**

4.3.1 **Description :**—The grass minimum or terrestrial radiation thermometer is used mainly to obtain information about 'ground frost' at night. It is a sheathed minimum thermometer in which the graduations of the stem are protected by an outer glass jacket. The bulb is link-shaped and provides a larger surface for exposure than a spherical bulb.

4.3.2 **Exposure :**—The instrument is exposed in the Thermometer Screen enclosure on a plot covered with short grass 2.5 to 5.0 cm. high. It is kept on two Y-shaped wooden supports fixed in the ground to a depth of 12 cm. with the bulb just touching the tips of the blades of grass. Care should be

उद्भासित होता है। 12 सें० मी० की गहराई में लगे हुए दो Y आकार के लकड़ी के अवलंबों में रखा जाता है। इसका बल्ब घास के ऊपरी कोनों को छूता है। इस बात की सावधानी बरतनी चाहिए कि बल्ब लकड़ी के अवलंब को न छूएं। जब भूमि हिम से ढ़की होती है तो तापमापी को ठीक हिम के ऊपर, बिना हिम को छूए रखा जाता है। तापमापी के आस-पास दीवारें, वृक्ष, शाखाएं आदि नहीं होनी चाहिए और यह ध्यान रखना चाहिए कि तापमापी के लिए किसी भी प्रकार के रक्षक आवरण का प्रयोग रीडिंग की यथार्थता को प्रभावित कर सकता है।

4.3.3 **सावधानियां :**—तापमापी में स्पिरिट को जमने से बचाने के लिए यह सलाह दी जाती है कि दिन से समय खुले में दूब स्तर न्यूनतम तापमापी का उद्भासन नहीं करना चाहिए। इसे स्क्रीन में उर्ध्वाधर स्थिति में और बल्ब को नीचे की तरफ रखना चाहिए। स्क्रिन के पिछले किनारे पर तल में एक छोटी डिबियां का रखना सुविधाजनक रहेगा, जिसमें तापमापी के बल्ब को रखा जा सकता है और नली को स्क्रीन के किनारे पर टेक कर रखा जा सकता है।

4.3.4 **रीडिंग और स्थापना :**—उपकरण को, दैनिक सुबह के प्रेक्षण के समय, जैसे 0830 घंटे भा०मा०स० में पढ़ना चाहिए। रीडिंग लेने के पश्चात् तापमापी को स्क्रीन में बल्ब के नीचे की तरफ रखकर शाम तक रखना चाहिए। शाम को इसे पुनः स्थापित करना (जैसे सामान्य न्यूनतम तापमापी) लकड़ी के अवलंबों पर रख देना चाहिए।

4.4 वाष्पमापी :

वाष्पन द्वारा भूमि की सतह से जल निरंतर कम होता जाता है। वाष्पन की दर कई घटकों पर निर्भर करती है जैसे मिट्टी और वनस्पति की प्रकृति, वायु की ताप और आर्द्रता, पवन गति आदि। फिर भी व्यवहारिक उद्देश्यों के लिए इसे एकक क्षेत्र से एकक समय में वाष्पित तरल जल के आयतन के रूप में व्यक्त किया जा सकता है। किसी दिए गए क्षेत्र में यह एकक समय में कम हुए तरल जल की गहराई के समानुपाति होता है। इस परिभाषा के अनुसार वाष्पन सामान्यतः प्रतिदिन मिलीमीटर में वाष्पित जल की गहराई के रूप में मापा जाता है। वाष्पन को मापने के कार्य में प्रयुक्त उपकरण को "वाष्पमापी" कहा

taken to see that the bulb does not touch the wooden supports. When the ground is snow-covered, the thermometer should be supported immediately above the snow without actually touching it. The proximity of walls, trees, branches etc., should be avoided and it should be noted that the use of any protecting cage for the thermometer would vitiate the readings.

4.3.3 **Precautions :**—In order to avoid condensation of spirit in the thermometer, it is advisable not to leave the grass minimum thermometer exposed in the open during day time. It should be kept in the screen in a vertical position, bulb downwards. It is convenient to fix in the floor near a back corner of the screen a small pill box, in which the bulb of the thermometer can rest, the stem being supported in the corner of the screen.

4.3.4 **Reading and Setting :**—The instrument should be read at the hour of the routine morning observation, viz., 0830 hours I.S.T. After the reading is taken, the thermometer should be kept in the screen, bulb downwards, until the evening, when it should be reset (like the ordinary minimum thermometer) and placed out on the wooden supports.

4.4 **Evaporimeter :**

Water is continuously lost from the earth's surface by evaporation. The rate of evaporation depends on many factors such as the nature of soil and vegetation, the temperature and humidity of the air, wind speed etc. For practical purposes, however, it can be expressed as the volume of liquid water evaporated from unit area in unit time. Over a given area this is proportional to the depth of liquid water lost in unit time. Accordingly evaporation is generally measured, as millimetres of water lost per day. The instrument used for measuring evaporation is called 'Evaporimeter'. The most common evaporimeter

जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के स्टेशन में सामान्यतः उस वाष्पमापी का प्रयोग किया जाता है जिसे वर्ग अ पटल वाष्पमापी कहते हैं (इसे स०रा०अ० पैटर्न खुला पटल वाष्पमापी भी कहा जाता है)।

चित्र 23—वर्ग "अ" खुला पटल वाष्पमापी

4.4.1 **वर्ग अ पटल वाष्पमापी—विवरण :**—यह वाष्पमापी एक ब वृताकार तवे वाले स्थिर कुएं जैसा बना होता है। इस प्रकार की बनावट द्वारा उत्पन्न कलकल को तोड़ते हुए जो कि तवे के मुख्य भाग में विद्यमान रहता है, हुक गेज (चित्र–23) के बिंदु के चारों तरफ शांत जल सतह को उपलब्ध कराती है। इस तवे को सफेद पेंट किए हुए लकड़ी के तख्त पर रखा जाता है। ऐसा इसलिए किया जाता है कि वर्षा में मौसम में, तवे का निचला भाग सतह जल के स्तर से ऊंचा रहे।

यह तवा तार से बुने हुए मानक जाली द्वारा बन्द किया जाता है, जिससे बाह्य वस्तुओं जैसे पक्षी और जानवरों द्वारा जल की कमी से बचा जाए। जल के सतह ताप को मापने वाले तापमापी को तवे के किनारे पर पीतल के शिकंजे में जोड़ा जाता है, जिससे कि बल्ब जल में मात्र भर डूबा रहे। निश्चित समय के किसी भी अन्तराल में तवे से वाष्पन द्वारा कम हुए जल की मात्रा को अंशांकित सिलिंडर (चित्र 24) द्वारा तवे में ज्ञात जल की मात्रा को सम्मिलित कर तब तक मापा जाता है जब तक कि जल स्तर संदर्भ बिन्दु को न छू लें। तवे से वाष्पन द्वारा कम हुए जल की मात्रा, सम्मिलित किए गए जल की मात्रा के बराबर होती है, समय अन्तराल द्वारा इसमें भाग देकर वाष्पन की दर को प्राप्त किया जाता है। बर्फ के कारण तवे में बढ़े हुए जल

in use at India Meteorological Department's station is the Class-A Pan Evaporimeter (also called U.S.A. pattern open pan evaporimeter).



Fig. 23—CLASS A OPEN PAN EVAPORIMETER

4.4.1 **Class A Pan Evaporimeter—Description :**—This evaporimeter consists of a large circular pan with a stilling well to provide an undisturbed water surface around the point of a hook gauge (Fig. 23) by breaking any ripple caused by wind that may be present in the main part of the pan. The pan rests over a white painted wooden stand which ensures that the bottom of the pan is above the level of surface water in rainy weather.

The pan is covered with wire-netting of standard mesh to avoid loss of water by extraneous agencies such as birds and animals. A thermometer to measure the surface temperature of the water is fixed with a brass clamp to the side of the pan so that the bulb just dips in the water. The amount of water lost by evaporation from the pan during any given interval of time is measured by adding known quantities of water to the pan from a graduated cylinder (Fig. 24) till the water level touches the reference point. The amount of water added equals

स्तर में निकटवर्ती वर्षामापी द्वारा प्राप्त वर्षा की मात्रा को घटाकर यथार्थ प्रेक्षण लिया जाता है। ऐसा करते समय यह मान लेते हैं कि निकटवर्ती वर्षामापी से प्राप्त वर्षा की मात्रा इस क्षेत्र के वर्षा का भी प्रतिनिधित्व करती है।

तवे द्वारा वाष्पन घुमते हुए हुक गेज (चित्र–25) बिन्दु की सहायता से भी प्राप्त किया जा सकता है।

उद्भासन.—तवे को, उच्च पवनों द्वारा जल को छलकने से रोकने के लिए, उसे अपेक्षाकृत सुरक्षित स्थान पर रखा जाना चाहिए। इसका स्थापन सामान्यतः वर्षामापी के बगल में वेधशाला के अहाते में करना चाहिए जिससे दोनों उपकरणों का उद्भासन समान हो और वर्षामापी द्वारा एकत्रित वर्षा की मात्रा, तवे द्वारा एकत्रित वर्षा का प्रतिनिधित्व करें।

लकड़ी के तख्ते को खड़ी भूमि पर रखें जिससे कि भारी वर्षा के बावजूद वह टेढ़ा न हो। इसके लिए सिमेंट या ईंट प्लेटफार्म का प्रयोग न करें क्योंकि यह तवे से हो रहे वाष्पन-हानि को प्रभावित कर सकता है। स्टैंड को धारण करने वाली भूमि को समतल रखना चाहिए और इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वर्षा ऋतु में तवे का निचला हिस्सा वर्षा के जल के सतह से ऊपर रहे। तवे को अवलंब पर रखें और निश्चित रूप से देख ले कि तवे का निचला भाग समतल हो। तवे का किनारा भूमि स्तर से ठीक 36.5 से०मी० ऊपर होना चाहिए।

तवे में स्थिर कुएं को, तवे के उत्तरी कोने से, लगभग 30 से०मी० रखना चाहिए जिससे कि गेज का सुविधाजनक प्रेक्षक किया जा सके। स्थिर कुएं के ऊपरी रिम के स्तर को स्पिरिट लेवल से जांच करें। तवे में तब तक जल को सम्मिलित करते रहें, जब तक कि यह स्तर संदर्भ बिंदु के ऊपरी भाग तक न पहुंच जाए। तवे के ऊपर तार वाली जाली को रखें और यह निश्चित कर लें कि चारों तरफ किनारे पर यह ठीक बैठ जाएं। तवे के साथ तापमापी स्टैंड को क्लैंप करें और शिकंजे में तापमापी को लगाए जिससे कि बल्ब मात्र जल में डूबा रहे। अब यह उपकरण प्रयोग के लिए तैयार है।

the amount of water lost by evaporation from the pan and this divided by the time interval gives the rate of evaporation. Rain falling into the pan is accounted for by assuming that the catch of a nearby raingauge represents the added depth of water due to the rain.

Evaporation from the pan can also be obtained with the aid of a moving point hook-gauge (Fig. 25).

Exposure :—The pan should be exposed in a relatively sheltered position in order to prevent out splashing caused by high winds. It is generally installed in the Observatory enclosure by the side of the raingauge, so that the exposures of the two instruments are identical and the amount of precipitation caught by the pan is represented by the amount caught by the raingauge.

Place the wooden stand on hard soil so that it does not get tilted even after heavy rains. No cement or brick platform should be used for the stand, since this will effect the evaporation loss from the pan. The ground should be filled sufficiently to level the stand and to keep the bottom of the pan above the level of surface water in rainy weather. Keep the pan on the support and make sure the bottom of the pan is in level. The rim of the pan should be exactly 36.5 cm. above ground level.

Place the stilling well in the pan about 30 cm. from the north edge of the pan so that the gauge can be conveniently observed. Check the level of the top rim of the stilling well with a spirit level. Add water to the pan till the level reaches the tip of the reference point. Place the wire mesh cover over the pan and make sure it fits tightly over the rim all round. Clamp the thermometer stand to the side of the pan and fix the thermometer to the clamp so that the bulb is just dipping in water. The instrument is now ready for use.

प्रचालन :—प्रतिदिन 0830 और 1730 भा०मा०सं० पर दो बार रीडिंग लेनी चाहिए।

प्रेक्षण निम्न प्रकार से लेना चाहिए। निर्धारित समय पर तापमापी को पढ़े, फिर मापक सिलिंडर की सहायता से तवे में जल को तब तक मिलाएं (जैसा नीचे बताया गया है) तब तक कि निश्चित बिन्दु का टिप, कुएं में जल के सतह के साथ मिल न जाए। मापक सिलिंडर इस प्रकार अंशाकित किया जाता है कि अंशाकन ऊपर से नीचे की तरफ होते हैं।

चित्र 24—मापक सिलिंडर

चित्र 25—धूमते हुए बिन्दु वाला हुक गेज

सिलिंडर को ऐसे भरे जिससे कि जलमाप के शीर्ष पर शून्य रेखा तक आ जाए। सिलिंडर से तवे में सावधानीपूर्वक जल को तब तक भरते रहें जब तक गेज से टीप तक न पहुंच जाए। सामान्यतः जल का स्तर मानक ऊंचाई तक लाने के लिए एक से अधिक बार सिलिंडर के भरने की आवश्यकता होती है। जल में आकाश का परावर्तन यह निश्चित करने में सहायता देता है जब बिंदु सर्वप्रथम जल के सतह को छूता है। जैसे ही जल बिंदु के समीप पहुंचता हो, आवश्यकता से अधिक भरने से बचने के लिए जल को धीरे धीरे डालें, जैसा कि स्थिर कुंअे में तवे से जल बहने में कुछ समय की आवश्यकता होती है। सिलिंडर में बचे हुए जल के स्तर की रीडिंग लें। मान लीजिए कि हम दो जल से भरे सिलिंडर

Operation :—Readings should be taken twice daily at 0830 and 1730 IST.



ig. 24—MEASURING CYLINDER



Fig. 25—MOVING POINT HOOK-GAUGE

The observation is made as follows. At the prescribed time read the thermometer, then add water to the pan using the measuring cylinder, (as explained below) until the tip of the fixed point coincides with the surface of the water in the well. The measuring cylinder is so graduated that the graduations run from the top to the bottom. Fill the cylinder so that the water comes to the zero line on the top of the scale. Add water carefully from the cylinder to the pan till the water rises to

और 11 सें०मी० अर्थात् 51 सें०मी० जल सिलिंडर से भरे। चूंकि बाल्टी का अर्धव्यास का 10 गुना होता है। इसलिए रीडिंग को 100 से भाग देने पर जो संख्या आती है, उदाहरणार्थ 5.1 मि०मी० वही तवे से वाष्पन हानि की मात्रा होती है। यदि पिछले प्रेक्षण काल से कोई वर्षा न हुई हो।

यदि दो प्रेक्षणों के अन्तरालों के दौरान वर्षा हुई हो और यह वर्षा की मात्रा द्वारा कम हुए जल से अधिक हो तो तवे में जल को मिलाने के बजाय निकाल देना चाहिए। तवे में से जल को निकालने से पूर्व, तार की जाली के ढक्कन को हटा दें। तवे में सम्मिलित किए गए जल को धनात्मक (+) चिन्ह और तवे से हटाए गए जल को ऋणात्मक चिन्ह (—) लगाना चाहिए। सम्मिलित किए गए या हटाए गए जल की मात्रा को निकटतम सें०मी० में अभिलेखित करें। यदि हटाए गए जल की मात्रा 5.8 सें०मी० हो और (पिछले प्रेक्षण) से वर्षण की मात्रा 6.7 मि०मी० हो तो वाष्पन द्वारा कम हुए जल की मात्रा 6.7—5.8= 0.9 मि०मी० होगी। विस्तृत उदाहरण नीचे दिए गए हैं:—

उदाहरण 1 उदाहरण 2

चित्र 26—निश्चित बिन्दु गेज के सन्दर्भ बिन्दु

उदाहरण 1.—चित्र–26 में अ अ, 1730 घंटे भा०मा०सं० पर स्थापित किए गए, तवे में जल के स्तर को और स स अगले सुबह के 0830 घंटे भा०मा०सं० पर जल के स्तर को सूचित करता है। यदि तवे में से हटाए गए जल की मात्रा अ अ के स्तर पर लाने में 58 सें०मी० हो तो, स अ स्तर में अन्तर 5.8 मि०मी० होगा। यदि वर्षा न हुई होती तो जल-स्तर "ब ब" पर होता। ब ब स्तर ज्ञात करने के लिए

the tip of the gauge. Usually more than one filling of the cylinder will be necessary to bring the water level to the standard height. Reflection of the sky in the water will assist in determining when the point first touches the surface. As the water approaches the tip of the point, pour slowly to prevent overfilling as some time is required for water to flow from the pan into the stilling well. Read the level of the water remaining in the cylinder. Suppose two full cylinders of water and 11 cm. i.e., 51 cm. of water from the cylinder have been added to the pan. Since the radius of the bucket is ten times that of the pan, the reading divided by 100 viz., 5.1 mm. is the amount of water lost by evaporation from the pan, if no precipitation has occurred since the previous hour of observation.

If precipitation has occurred during the interval between the two observations and exceeds the water lost by evaporation, water has to be removed from the pan, instead of being added. The wire mesh cover has to be removed before taking water out of pan. Water added to the pan is marked positive (+) and water removed from the pan as negative (−). Record the amount of water added or removed to the nearest cm. If the amount of water removed is 58 cm. and the precipitation (since last observation) is 6.7 mm. the water lost by evaporation is given by 6.7−5.8=0.9 mm. Detailed examples are given below :—



Fig. 26—MOVING POINT OF HOOK-GAUGE

Example 1 :—AA in Fig. 26 indicates the level of water in the pan when it is set, say at 1730 hours IST. and CC the level the next morning at 0830 hours IST. If the amount of water removed from the pan to bring the level to AA is 58 cm.,

यह कल्पना करनी पड़ेगी कि वर्षण की गहराई द्वारा स स स्तर कम हुआ होता। यदि "स ब"= 6.7 मि०मी०, "स ब" के अन्तराल में वर्षण की मात्रा है तो वाष्पन "अ ब" = 6.7—5.8=0.9 मि०मी० होगा।

उदाहरण 2.—यदि केवल हल्की वर्षा हो तो जल-स्तर, स्थापित स्तर "अ अ" से ऊपर नहीं उठ सकता है जैसा कि पीछे बताया गया है। किन्तु यदि तवे में वर्षा न गिरी हो तो जल स्तर "अ अ" के नीचे "स स" किन्तु "ब ब" के ऊपर हो सकता है। यदि तवे में 37 सें०मी० जल को मिलाया गया हो ("अस" = 3.7 मी०मी०) और वर्षा 1.2 मि०मी० हो तो 1730 बजे से वास्तविक वाष्पन 3.7 मि०मी० + 1.2 मि०मी० =4.9 मि०मी० होगा।

यदि भारी वर्षा के कारण जल का स्तर टैंक में इतनी ऊंचाई पर उठ गया हो जोकि ऊपरी किनारे से 12 मि०मी० से कम हो तो, कोई वाष्पन रीडिंग अभिलेखित नहीं की जाएगी।

यदि तवा वाष्पनमापी के साथ गतिमान बिन्दु हुक गेज संलग्न हो तो निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करें:—

हुक गेज (चित्र–25) को स्थिर कुएं में रखे और गेज के शीर्ष को घुमाएं जिससे कि हुक गैज का टिप जल सतह के नीचे चला जाए। फिर शीर्ष की गति को उल्टा कर जिससे हुक बिंदु जल के सतह को मात्र छूए और नीचे से जल सतह को थोड़ा विकृत कर दें (किन्तु सतह से बिना किसी वास्तविक भेदन से) 1 उर्ध्वाधर माप और शीर्ष की रीडिंग को नोट करें।

यदि जल जम जाएं तो तवे के किनारे से सभी जमे हुए हिम को तोड़ दें और जब हिम जल में तैर रहा हो तो जल-स्तर को वापस निश्चित बिन्दु पद ले आएं। ऐसा करने पर जमा हुआ थोड़ा जल स्तर को प्रभावित नहीं करता है। यदि ऐसा करने के लिए हिम बहुत अधिक मोटा हो तो परवर्ती प्रेक्षण समय तक माप नहीं लेना चाहिए और बढ़े हुए समय में वाष्पन को ज्ञात करना चाहिए।

सावधानियां :

तवे में दरारों या छेदों आदि का पता लगाने के लिए कम के कम महीनों में एक बार सावधानी पूर्वक जांच करनी चाहिए क्योंकि छेद हो

the difference in level CA is 5.8 mm. If there had been no rainfall, the water level would have been at BB. To obtain the level BB, one has only to imagine level CC to be lowered by the depth of precipitation. If 6.7 mm. is the amount of rainfall during the interval CB=6.7 mm, the evaporation is then given by AB=6.7-5.8=0.9 mm.

Example II :—If there is only light rain the water level may not rise above AA the setting level, as in the previous case, but may be say at CC below AA, but above BB, the level of water, if no rain had fallen into the pan. If 37 cm. of water has been added to the pan (AC=3.7 mm.) and rainfall is 1.2 mm. then actual evaporation since 1730 hours is 3.7 mm.+1.2 mm.= 4.9 mm.

When due to heavy rain the level of water in the tank has risen to such a height that it is less than 12 mm. from its rim, no evaporation readings will be recorded.

In case the pan evaporimeter is equipped with a moving point hook-gauge, proceed as follows :—

Place the hook-gauge (Fig. 25) on the stilling well and turn the head of the gauge, so that the tip of the hook-gauge goes below the water surface. Then reverse the motion of the head so that the point of the hook just touches and slightly deforms the water surface from below (but without actually piercing through the surface). Note the readings of the vertical scale and the head.

If the water freezes, all ice should be broken away from the sides of the pan and the water level brought back to the fixed point while the ice is floating. Provided this is carried out, the fact that some of the water is frozen does not affect the level. If the ice is too thick for this to be done, the measurement should be held over till the subsequent observation hour and the evaporation over the extended period determined.

Precautions :

Inspect the pan carefully for leaks at least once a month, since any leaks will render the measurement valueless. Report the finding of any leaks in the observation form for the month.

जाने से वाष्पन का माप निरर्थक हो जाता है। तवे में किसी भी प्रकार की दरार पड़ने पर उस महीने के प्रेक्षण पत्र में अंकित कर देना चाहिए। नियंत्रक मौसम विज्ञान कार्यालय को एक अलग से सूचना भी भेजनी चाहिए कि किस दिन दरार पड़ी और किस दिन इसकी मरम्मत हुई।

तवे को आवश्यकतानुसार कभी कभी 15 दिनों में एक बार या उससे अधिक साफ करते रहना चाहिए जिससे वह तलछूट, कूड़ा-कर्कट और तेल की परतों से मुक्त रहें। दैनिक प्रेक्षण के तुरन्त बाद सफाई करनी चाहिए जिससे कि जहां तक संभव हो सके कोई प्रेक्षण छूट न जाएं। तेल की परत वाष्पन की दर को वस्तुतः कम कर देती है। शैवाल की वृद्धि को रोकने के लिए, जल में कॉपर सल्फेट की थोड़ी मात्रा मिलानी चाहिए।

कभी-कभी स्थिर कुएं को साफ करें और उसमें किसी भी प्रकार के तलछूट को हटा दें। मध्य बिंदु छडी से कोमल कपड़े और जल से साफ करें। तीनों किनारों के छिद्रों में धूल या किसी प्रकार का तलछट नहीं होना चाहिए।

इस बात का ध्यान रखे कि मापने वाला सिलिंडर साफ हो और अंशांकन स्पष्ट हो। दरारों या छिद्रों की बारम्बार जांच करें।

जब भारी वर्षा के दौरान तवे में जल अधिक हो जाये तो उसमें से इतना जल निकाल दें कि जल का स्तर किनारे के नीचे लगभग 100 मि०मी० हो जाये। हटाये गए जल की मात्रा को सावधानी पूर्वक मापकर नोट कर लेना चाहिए। प्रेक्षण के तुरंत पश्चात् ऐसा करना चाहिए। टैंक में जल-स्तर आवश्यकतानुसार जल मिलाने या हटाने पर, किनारे के नीचे 2.5 से 5.0 सें० मी० के मध्य होना चाहिए। जब कभी जल को मिलाया या हटाया जाता है तो 5 मिनट के संक्षिप्त अंतराल के पूर्व और पश्चात् रीडिंग को अभिलेखित करना चाहिए और इनको समुचित स्तंभों में प्रविष्टि करना चाहिए।

वर्ष में एक बार, तवे की सतह को सावधानीपूर्वक खुरचकर पेंट करना चाहिए और आवश्यकतानुसार आंतरिक सतह की कलई करवायें। क्लोरीनयुक्त श्वेत रबर पेंट को समुचित विरलक के साथ प्रयोग करना चाहिए।

समय-समय पर इसकी जांच करते रहे (विशेषकर भारी वर्षा के पश्चात्) और यह निश्चित करलें कि लकड़ी का प्लेटफार्म और टैंक का निचला भाग पूर्णतः क्षैतिज रहें।

Separate Report should also be sent to the Controlling Meteorological Office, about the date on which the leak was discovered and the date on which it was repaired.

Clean the pan as frequently as necessary, about once a fortnight or more often, to keep it free from sediments, scum and oil films. The cleaning should be done just after a routine observation so that no observations are lost as far as possible. An oil film will materially reduce the rate of evaporation. A small amount of copper sulphate may be added to the water to discourage the growth of algae.

Clean the stilling well occasionally and remove any sediment in it. Clean the centre point rod with soft cloth and water. The three side holes must be free from dirt or any sediment.

Check that the measuring cylinder is kept clean and the graduations are clear. Check it for leaks frequently.

When heavy rains threaten to overflow the pan, remove enough water to lower the level to about 100 mm. below the rim. The quantity of water removed must be carefully measured and noted. This should be done immediately after an observation. Keep water level in the tank always between 2.5 to 5.0 cm. below the rim, by adding or removing water if necessary. Whenever water is added or removed, record the reading before and after a brief interval of, say, 5 minutes, and enter these in appropriate columns.

Once every year, the pan should be painted after scraping the surface carefully and the inner surface tinned if necessary. Chlorinated white rubber paint with appropriate thinner should be used.

Check periodically (especially after heavy rains) and ensure that the wooden platform and the bottom of the tank are perfectly horizontal.

जल के ताप को अभिलेखित करते समय इस बात का ध्यान रखें कि ताप-मापी का बल्ब जल स्तर के नीचे रहे ।

4.5 मृदा तापमापी :

भूमि की सतह मौसम विज्ञान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । यह सौर विकिरण को सोखती है और वायु तथा निकटवर्ती मिट्टी की सतहों को भी गर्म करती है । भूमि की सतह लगभग 40 प्रतिशत आगामी और विकिरण को सोखती है। सूर्य से प्राप्त शोषित उष्मा, भूमि की सतह के ऊपरी पर्स में कुछ सेंटीमीटरों तक ही रह जाती है क्योंकि भूमि की चालकता परिणामस्वरुप कम होती है । ताप का दैनिक परिवर्तन भूमि सतह पर अधिकतम होता है और नीचे की तरफ शीघ्रता से कम होता जाता है । और 30 सें०मी० की गहराई में एकदम नगण्य हो जाता है । इस प्रकार का परिवर्तन वार्षिक या मौसमी स्केल पर सत्य नहीं है । इस स्केल पर ताप का परिवर्तन गहराई के साथ शीघ्रता से कम नहीं होता है । परिणाम-स्वरुप मिट्टी के तापीय संरचना के अध्ययन के लिए दो प्रकार के तापमापियों का प्रयोग किया जाता है एक तो 30 सें० मी० तक के उथले गहराई में दैनिक परिवर्तन के अध्ययन के लिए और दूसरे इससे अधिक गहराई में वार्षिक परिवर्तनों के अध्ययन के लिए ।

4.5.1 उथले गहराईयों के लिए मृदा तापमापी :

विवरण :

उथले गहराई वाला मृदा तापमापी चित्र-27 में चित्रित किया गया है । यह ग्लास-में-पारा तापमापी होता है जिसमें बल्ब बी के एकदम ऊपर, नली में 120 डिग्री का झुकाव होता है । यह तापमापी—5 डिग्री सें०से + 70 डिग्री सें० के परिसर में कार्य करता है और 0.1 डिग्री सें० तक स्पष्ट पढ़ा जा सकता है । यह त्रिकोणीय लोहे अवलम्ब डी इ एफ जी पर टिका होता है । जो 60° पर झुका होता है । तापमापी अवलम्ब पर चढ़ने के बाद भूमि के साथ 120 डिग्री पर झुका होता है । अवलम्ब के ढलवे किनारे पर तापमापी की नलीं को पकड़ने के लिए, दो क्लिप लगे होते हैं जबकि इसका निचला किनारा इस आकार का बनाया जाता है कि मिट्टी के अंदर आसानी से प्रविष्ट कराया जा सके ।

उद्भासन और संस्थापन :

2.5 मीटर और 1.5 मीटर के भूमि के छोटे प्लाट को, तार से घेरा जाता है । तार से घेरने के लिए चारों कोनों पर 3 सें०मी० ऊँचे चार छोटे लकड़ी के खंभे लगायें जाते हैं । तापमापी को किसी भी प्रकार के आकस्मिक क्षति से

While recording the temperature of the water, ensure that the bulb of the thermometer is kept below the level of water.

4.5 Soil Thermometers :

The surface of the earth plays an important part in meteorology, by absorbing solar radiation and warming the air as well as the soil layers adjacent to it. About 40 per cent of the incoming solar radiation is absorbed by earth's surface. The heat absorbed from the sun, is however, accumulated in the upper few centimeters of the earth's surface owing to its very low conducting power. As a result of this, the diurnal variation of temperature is maximum at the surface of the earth and decreases rapidly downwards becoming almost negligible at a depth of 30 cms. This, however, is not true of the annual or seasonal variation, which does not decrease so rapidly with depth. Consequently, for studying the thermal structure of the soil, two types of thermometers are used, one for shallow depths upto 30 cms. to study diurnal variations and the other for greater depths, for the study of annual changes.

4.5.1 Soil Thermometers for Shallow Depths :

Description :

The shallow-depth soil thermometer is illustrated in Fig. 27. It is a mercury-in-glass thermometer with a bend of 120 degrees in the stem just above the bulb B. The thermometer has a range from $-5°C$ to $+70°C$ and can be read to an accuracy of $0.1°C$. It is provided with a triangular iron stand DEFG bent at 60 degrees so that the thermometer when mounted, makes an inclination of 120° with the ground. The sloping side of the stand has two clips to hold the stem of the thermometer, while its lower end is so shaped that it can be easily inserted into the soil.

Exposure and Installation :

A small plot of land measuring 2.5 meters by 1.5 meters is enclosed by wire stretched between four short wooden posts

सुरक्षित रखने के लिए ऐसा किया जाता है । कोई भी स्थायी बाड़ा नहीं लगाया जाता है क्योंकि इससे तापमान की रीडिंग त्रुटिग्रस्त हो जाती है ।

सतह पर तथा 5.15 एवं 30 सें०मी० गहराईयों में मिट्टी के ताप को मापने के चार तमापापी इस प्लाट पर स्थापित किए जाते हैं । जैसा कि चित्र-28 में दिखाया गया है, ये चारों तापमापी पूर्व पश्चिम दिशा में एक लाईन में स्थापित किए जाते हैं और इनकी दूरी प्लाट के दक्षिणी सिरे से 60 सें०मी० होती है । चार तापमापियों के लोहे के अवलंब की इ एफ जी 45 सें०मी० दूर भूमि के अंदर लगाने चाहिए जिससे प्रत्येक अवलंब का किनारा डी एफ भूमि के लगभग तल में रहे और भूजा डी इ उत्तर की दिशा में झुकी रहे । अवलंबों को स्थापित करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जहां तक संभव हो सके मिट्टी को कम छेडा जाये ।

4.5.2 30 सें०मी० से अधिक गहराई के लिए मृदा तापमापी :

विवरण :

चित्र-29 में बताए गए सायमनपैटर्न भूमि-तापमापी का प्रयोग, 30 सें० मी० से अधिक गहराई के लिए मिट्टी के ताप को मापने के लिए किया जाता है । यह ग्लास-में-पारा तापमापी होता है जो एक मोटे ग्लास-ट्यूब में बन्द होता है । इसका बल्ब पराफिन मोम की सतह में स्थापित होता है जो ट्यूब के आधार के ऊपर 38 मि०मी० तक फैला होता है । ये सम्पूर्ण वस्तुएं स्टील के ट्यूब में लटकी होती हैं जिसके निचले किनारे पर एक शंकु जड़ा होता है । शंकु के जोड़ने की ध्येय यह है कि मिट्टी को कम से कम छेड़ते हुए इसे भूमि के अन्दर ले जाया जा सके । अलग-अलग लम्बाइयों वाले ट्यूब का प्रयोग विभिन्न गहराईयों के ताप को मापने के लिए किया जाता है (सामान्यतः रीडिंग 50,100 और 150 सें०मी० की गहराई पर ली जाती है) ।

स्टील शंकू के ऊपर कोटरी में रबड़ की तख्ती लगी होती है, और ट्यूब के बाहर गोल स्टील फ्लैंज ऐसी स्थिति में लगी होती है कि फ्लैंज के आधार और रबड़ की तख्ती के शीष के बीच की दूरी 51,101 या 151 सें. मी. होती है । यह दूरी इस बात पर निर्भर करती है कि तापमापी क्रमशः 50,100 या 150 सें. मी. की गहराई के ताप को मापने के लिए प्रयोग किया जाता हो । तापमापी पीतल-छड़ी-जंजीर और बाहरी ट्यूब के ऊपरी भाग में लगी हूई धातू की टोपी द्वारा लटकाया जाता है ।

30 cms. high fixed at the four corners. This is done to protect the thermometers against any accidental damage. No permanent fencing should be put up as it will vitiate the temperature readings.

Four thermometers to measure the soil temperature on the surface and at depths of 5, 15 and 30 cms. are installed in this plot along a line running East-West at a distance of 60 cms. from the southern side, as shown in Fig. 28. The iron stands DEFG of the four thermometers should be fixed into the ground 45 cms. apart so that the side DF of each stand is just level with the ground and the arm DE is inclined towards North. While fixing the stands, care should be taken to see that the soil is disturbed as little as possible.

4.5.2 Soil Thermometers for Depth Exceeding 30 cms. :

Description :

Fig. 29 shows the Symon's pattern earth thermometer used for measuring soil temperature at depths exceeding 30 cms. It is mercury-in-glass thermometer enclosed in a snout glass tube with its bulb embedded in a layer of parafin wax which extends to a distance of 38 mms. above the base of the tube. The whole thing is suspended in a steel tube with a cone fitted to the lower end, so that it can be driven into the ground with as little disturbance of the soil as possible. Tubes of varying lengths are used for measuring temperature at different depths (Readings are generally taken at depths of 50, 100 and 150 cms.).

Observations of 'Weather' are recorded under the headings 'Present Weather' and 'Past Weather' and the phenomena observed are those specified in the codes for ww and W/W1 in the Weather Code. In addition to reporting them in the weather telegrams, the Observer is required to keep a detailed record of weather in the registers maintained by him, giving the times of commencement and cessation of each phenomenon. Explanations of some important phenomena are given in Section 6.3.3. To facilitate their entry in the registers each phenomenon is represented by a symbol. A list of these Symbols is given in Table 6.3.

6.3.1 **Present Weather (ww).**—The observation of Present Weather is actually noting the state of the sky, and the phenomena occuring at the station or within sight of the station at the time of observation or during the hour immediately preceding it.

"प्रेक्षण के समय" का अर्थ है कि दिए गए घंटे पर प्रेक्षण के लेने और अभिलेखित करने में लगा हुआ समय, अर्थात् प्रेक्षण के निर्दिष्ट समय से ठीक 10 मिनट पूर्व ।

6.3.2 **विगत मौसम (W और W1) :—** "विगत मौसम" के रिपोर्ट करने की अवधि प्रेक्षण के विभिन्न समयों के लिए भिन्न भिन्न होती है और विशेष नियमों द्वारा परिचालित होती है जोकि "मौसम कोड़" में दिए गए हैं ।

6.3.3 **कुछ प्रमुख मौसम परिघटनायें :**

1. **असामान्य झोंकापन :—** वायु की गति पूर्णतः एक समान नहीं होती किंतु दिशा और गति में निरन्तर परिवर्तनों के अधीन है । इन परिवर्तनों को प्रक्षोभ या पवन का "झोंकापन" कहा जाता है । जब झोंकापन इतने परिमाण का हो कि किसी स्टेशन पर पवन की एक निश्चित दिशा में सामान्य अनुभव के मुकाबले झोंकों और शांतों के वेग में बहुत अधिक अन्तर हो तो वह "असामान्य झोंकापन" कहलायेगा ।

2. **अल्पकालिक झंझा :—** बोफोर्ट–मापक्रम के कम से कम तीन चरणों में पवन की चाल में अचानक वृद्धि, बी० एफ० 6 या उससे अधिक पर पहुंचने वाली चाल तथा कम से कम 1 मिनट तक रहने पर अल्पकालिक झंझा कहा जाता है । **उदाहरणार्थ:—**पवन–चाल में अचानक 16 कि० मी०/घंटे (बी०एफ० 3) से 40 कि० मी० घंटे/(बी०एफ० 6) की वृद्धि होती है और कम से कम 1 मिनट के लिए 40 कि० मी०/घंटे पर रहती है ।

3. **झोंका :—**अल्पकालिक झंझा के मुकाबले अधिक अस्थिर प्रकृति के पवन चाल में अचानक संक्षिप्त वृद्धि होने के बाद शीघ्रता से पवन में शांति एवं मंदता आ जाती है । झंझा के संबंध में यह वृद्धि उतनी अधिक या उतनी देर तक नहीं रहती, जितनी की अल्पकालिक झंझा के मामले में ।

4. **रैखिक अल्पकालिक झंझा :—**वे तीव्र अल्पकालिक झंझा जो गुजरती हुई लम्बी रेखा या घने मेघ के चाप से संबंधित होते हैं और उनके साथ गर्जन और तड़ित, वर्षा या ओलावृष्टि होती है । इनके गुजरते ही पवन की दिशा बदल जाती है और अचानक वातावरण ठंडा हो जाता है । रेखिक अल्पकालिक झंझा, यद्यपि थोड़ी अवधि का होता है फिर भी वृक्षों और घरों को गिरा सकता है ।

'At the time of observation' means during the period occupied in taking and recording the observation for a given hour, namely ten minutes ending at the scheduled hour of observation.

6.3.2 **Past Weather (W and W1).**—The period covered by 'Past Weather' is different for different hours of observation and is governed by special rules which are given in the Weather Code.

6.3.3 **Some Important Weather Phenomena :**

1. **Unusual Gustiness :**—The motion of air is never perfectly uniform but is subject to incessant changes in direction and speed. These changes are called turbulence or 'gustiness' of wind. When the gustiness is of such magnitude that the difference between the velocity in gusts and lulls is much greater than usually experienced at the station for winds from that direction, it is called 'unusual gustiness'.

2. **Squall :**—A sudden increase of wind speed by at least three stages on the Beaufort scale, the speed reaching B.F. 6 or more and lasting for at least one minute. *Example :*—Wind speed suddenly increases from 16 Km/hr. (B.F. 3) to 40 Km/hr. (B.F. 6) and remains at 40 Km/hr. for at least one minute.

3. **Gust :**—A sudden brief increase in wind speed of more transient nature than a squall, followed quickly by a lull or slackening of the wind. The increase in the case of a gust is not as large or as much prolonged as in the case of a squall.

4. **Line Squall :**—A violent squall, associated with the passing of a long line or arch of dark cloud and accompanied by thunder and lightning, rain or hail and a sudden cooling with a *shift in wind direction*. A line squall although of short duration may blow off trees and houses.

5. **झंझा** :—बी० एफ० 8 या उससे अधिक पर निरंतर बहती हुआ पवन और वृक्षों, घरों आदि को क्षति पहुंचाना।

6. **धूल या रेतीला तूफान** :—जब प्रबल निरन्तर पवन या अल्पकालिक झंझा के प्रभाव में रेत या धूल वायुमंडल में पर्याप्त मात्रा में उठती है जिसमें क्षेतिज दृश्यता घटकर 1000 मीटर से कम हो जाती है तो इस घटना को धूल या रेतीला तूफान कहा जाता है। धूल या रेतीला तूफान का वर्गीकरण "किंचित", "मध्यम" या "प्रचंड" नीचे बताए गए विवरणों के अनुसार दृश्यता एवं पवन गति के आधार पर की जा सकती है :—

किंचित धूल आंधी :—पवन गति 20 से 49 कि० मी०/घंटा और दृश्यता 1000 मीटर से कम।

मध्यम धूल आंधी :—पवन गति 50 से 74 कि० मी०/घंटा और दृश्यता 500 मीटर से कम।

प्रचंड धूल आंधी :—पवन गति 75 कि० मी०/घंटा या अधिक और दृश्यता 200 मीटर से कम।

7. **धूल उठाने वाली पवनें** :—असामान्य झोंकापन की पवनें जो वायुमंडल में धूल या रेत को उठाते हैं उन्हें धूल उठाने वाली पवनें कहा जाता है। इन्हें धूल की आंधी से सावधानीपूर्वक विभेद करना चाहिए जोकि धूल उठाने वाली पवनों से अधिक प्रचंड परिघटना होती है और सामान्यतः कपासी वर्षी मेघों से संबंधित होती है।

8. **धूल-चक्र या रेत-चक्र** :—चक्रधार धूल या रेत के पतले स्तंभ सर्पिले रुप में ऊपर उठते हैं।

9. **बूंदा-बांदी** :—बहुत बारीक बूंदों के रुप में द्रव वर्षण। बूंदें इतनी छोटी होती हैं कि जल सतह पर उनका व्यष्टिगत टक्कर अप्रत्यक्ष होता है।

10. **वर्षा** :—जल का द्रव वर्षण जिसमें जल सुप्रेक्ष्य आकार का होता है। बूंदों के आकार के कारण बूंदा-बांदी से भिन्न होता है।

11. **बौछार** :—जल का द्रव वर्षण जिसमें बूंदों का आकार बड़ा होता है। बौछारों की पहचान यह है कि ये अचानक आरम्भ हो जाती हैं। बौछार में गिरती हुई बूंदें वर्षा की अपेक्षा अधिक दूर दूर तक बिखरी हुई होती है। ये बौछारें सामान्यतः संवहन मेघों (कपासी या कपासी वर्षी) से आती हैं।

5. **Gale :**—Wind of B.F. 8 or more, blowing continuously and doing damage to trees, houses etc.

6. **Dust or Sand-Storm :**—A dust or sand-storm occurs when owing to the action of a strong continuous wind or a squall, sand or dust is raised in the atmosphere in sufficient quantity to reduce the horizontal visibility to less than 1000 metres. Classification of a dust or sand storm as 'slight', 'Moderate' or 'Severe' may be done on the basis of wind speed and visibility according to the specifications given below :—

Slight Dust-Storm :—Wind speed 20 to 49 Km./hr. and Visibility less than 1000 metres.

Moderate Dust-Storm :—Wind speed 39 to 74 Km./hr. and Visibility less than 500 metres.

Severe Dust-Storm :—Wind speed 75 Km./hr. or more and Visibility less than 200 metres.

7. **Dust Raising Winds :**—Winds of unusual gustiness raising dust or sand in the atmosphere. These should be carefully distinguished from dust-storm which is a more violent phenomenon and usually associated with Cb clouds.

8. **Dust Whirls or Sand Whirls :**—Narrow columns of whirling dust or sand going up in a spiral form.

9. **Drizzle :**—Liquid precipitation in the form of very fine droplets, so small that their individual impact on water surface is imperceptible.

10. **Rain :**—Liquid precipitation of water of appreciable size, thereby differing from drizzle.

11. **Shower :**—Liquid precipitation of water of big size usually marked with sudden onset. The falling drops are more widely scattered than in rain. Showers generally fall from convective clouds (Cumulus or Cumulonimbus).

12. **गर्ज के साथ आंधी** :—जैसे ही गर्जन सर्वप्रथम सुनाई देता है गर्ज के साथ आंधी रिपोर्ट की जाती है, चाहे तड़ित दिखाई दे या न दे या वर्षण हो या न हो। गर्ज के साथ आंधी को निम्नलिखित विनिर्देशों के अनुसार "हल्का", "मध्यम" या "भारी" वर्गीकृत की जाती है :—

हल्की गर्ज के साथ आंधी :—गर्जन की हल्की घनघनाहट के साथ लम्बे अंतरालों में बिजली चमकती है।

मध्यम गर्ज के साथ आंधी :—गर्जन की ऊंची गड़गड़ाहट के साथ बारम्बार बिजली चमकती रहती है।

भारी गर्ज के साथ आंधी :—लगभग निरंतर गर्जन और बिजली चमकती रहती है।

13. **हिम** : :—श्वेत बर्फ के क्रिस्टल का वर्षण जो सामान्यत : हल्के पंख की तरह बनावट के पत्रक के रूप में होता है।

हिमी वर्षा :—वर्षा और हिम दोनों साथ-साथ गिरते हैं या हिम पृथ्वी पर गिरते ही पिघल जाता है।

अपवाही हिम :—हिम के गिरने के बाद ही वायु द्वारा हिम का जमीन से उड़कर हवा में बह जाना।

14. **ओला** :—बर्फ के छोटे गोलों या टुकड़ों में वर्षा का होना। ओले सामान्यत: गर्ज के साथ आंधी के दौरान गिरते हैं।

15. **कुहरा या बर्फ-कुहरा** :—वायुमंडल में लटके हुए बहुत छोटी-छोटी जल की सूक्ष्म बूंदें या बर्फ की क्रिस्टलें जो क्षैतिज दृश्यता को घटाकर कोडांक 93 या उससे कम कर देती है। कुहरा या बर्फ-कुहरा के समय पवन सामान्यत: शांत या बहुत हल्की होती है सौर सापेक्ष आर्द्रता कम से कम 75 प्रतिशत होती है। इसको इस प्रकार परिभाषित किया जाता है :—

बहुत घना कुहरा :—यदि क्षैतिज दृश्यता कोडांक 90 के अनुरुप हो।

घना कुहरा :—यदि क्षैतिज दृश्यता कोडांक 91 के अनुरुप हो।

मध्यम कुहरा :—यदि क्षैतिज दृश्यता कोडांक 92 के अनुरुप हो।

हल्का कुहरा :—यदि क्षैतिज दृश्यता कोडांक 93 के अनुरुप हो।

16. **कुहासा**:—यदि क्षैतिज दृश्यता कोडांक 94 या 95 के अनुरुप हो या सापेक्ष आर्द्रता कम से कम 75 प्रतिशत हो तो इस परिघटना को कुहासे के रूप में रिपोर्ट किया जाता है।

12. **Thunderstorm :**—Thunderstorm is reported as soon as thunder is first heard whether or not lightning is seen or precipitation is occuring. Thunderstorm is classed 'slight', 'moderate' or 'heavy' according to the following specifications :—

Light Thunderstorm :—Light peals of thunder, lightning at fairly long intervals.

Moderate Thunderstorm :—Loud peals of thunder and frequent flashes of lightning.

Heavy Thunderstorm :—Almost continuous thunder and lightning.

13. **Snow :**—Precipitation of crystal of white ice, generally in flakes of light feathery structure.

Sleet :—Rain and snow falling together, or snow melting as it falls.

Drifting Snow :—Snow blown off the ground into the air after it has already fallen.

14. **Hail :**—Precipitation of small balls or pieces of ice. Hail generally falls during thunderstorms.

15. **Fog or Ice Fog :**—Extremely small water droplets or ice crystals suspended in the atmosphere, reducing horizontal visibility to code figure 93 or less. When fog or ice fog occurs, the wind is usually calm or very light and the relative humidity is at least 75 per cent. It is termed as :—

Very Thick Fog :—If the horizontal visibility corresponds to code Fig. 90.

Thick Fog :—If the horizontal visibility corresponds to code Fig. 91.

Moderate Fog :—If the horizontal visibility corresponds to code Fig. 92.

Slight Fog :—If the horizontal visibility corresponds to code Fig. 93.

16. **Mist :**—If horizontal visibility corresponds to code Figure 94 or 95 and relative humidity is at least 75 per cent the phenomenon is reported as Mist.

17. **धुंध** :—वायुमंडल में लटके हुए बहुत बारीक धूल या रेत के कण जो क्षेतिज दृश्यता को घटाकर कोडांक 94 से 96 के अनुरुप कर देते हैं। सापेक्ष आर्द्रता 75 प्रतिशत से कम होनी चाहिए।

18. **धूल कुहरा** :—हवा में छोटे धूल के कण लटके हुए होते हैं जो क्षेतिज दृश्यता को घटाकर कोडांक 93 या उससे कम के अनुरुप कर देते हैं। सापेक्ष आर्द्रता 75 प्रतिशत से कम होनी चाहिए।

19. **ओस** :— खुले सतहों पर वायुमंडल की नमी संघनित हो जाती है। रात्रि या प्रातःकाल की यह सामान्य परिघटना है। जिसमें वायु शांत एवं आकाश साफ होता है।

20. **पाला** :—इसमें क्रिस्टलीय बर्फ जम जाती है। बनने की क्रिया ओस की भांति ही होती है जबकि तापमान हिमांक से नीचे हो।

21. **सौर प्रभामंडल** :—पक्षाभ मेघ के पतले आवरण के कारण सूर्य के चारो तरफ प्रकाश का रिंग बन जाता है। यह प्रायः श्वेत होता है किन्तु कभी-कभी सूर्य के पास लाल, फिर संतरी फिर पीला होता है। अधिकतर स्थितियों में सूर्य के चारों तरफ 22° की त्रिज्या का रिंग होता है।

22. **सौर कान्ति मंडल** :—सूर्य के चारों तरफ एक प्रकाश का रिंग जो प्रभामंडल के रिंग से छोटा होता है। इसका आंतरिक किनारा भूरा लाल होता है जबकि रिंग और सूर्य के बीच का आकाश सुस्पष्ट नीलाभ श्वेत रंग का होता है। रिंग की त्रिज्या 5° से लेकर 8° तक भिन्न-भिन्न होती है।

23. **चंद्र प्रभा मंडल**:—चंद्र के चारों तरफ प्रकाश का वृत्त होता है जो सौर प्रभा मंडल के समान होता है।

24. **चंद्र कान्ति मंडल** :—चंद्र के चारों तरफ एक प्रकाश-रिंग जो सौर कान्ति मंडल के समान होता है।

25. **निर्मेघ मौसम**:—आकाश मेघरहित या नीले आकाश में तैरते हुए इक्के दुक्के पक्षाभ मेघ लुप्त होने के चिन्ह प्रदर्शित करते हुए या निश्चित स्तर पर स्वच्छ स्तरित एवं थोड़ी मात्रा में मेघों की उपस्थिति निर्मेघ मौसम के परिचायक होते हैं, किंतु उर्ध्वाधर विकास में कोई मेघ नहीं होता।

26. **अच्छा मौसम** :—आकाश के अधिक भाग में पक्षाभ मेघ का पतला आवरण होता है किंतु इसकी मात्रा न तो बढ़ती है और न ही निरंतर स्तर का

17. **Dust Haze :**—Extremely fine particles of dust or sand suspended in the atmosphere, reducing horizontal visibility to code Figure 94 to 96, Relative humidity is less than 75 per cent.

18. **Dust Fog :**—Suspension in the air of small dust particles reducing horizontal visibility to code Figure 93 or less. Relative humidity should be less than 75 per cent.

19. **Dew :**—Moisture condensed from atmosphere on exposed surfaces. It is a common phenomena of night or early morning with calm air and clear sky.

20. **Frost :**—Crystalline ice deposit, formed in the same manner as dew, when the temperature is below freezing point.

21. **Solar Halo :**—A ring of light round the sun caused by a thin veil of Cirrus cloud. It is often white but sometimes red near the sun, then orange then yellow. In most cases the ring has a radius of 22° surrounding the sun.

22. **Solar Corona :**—A ring of light round the sun, much smaller than a halo. Its inner edge is brownish red while the sky between the ring and the sun has a distinct bluish white colour. The radius of the ring varies from 5° to 8°.

23. **Lunar Halo :**—A circle round the moon similar to the Solar Halo.

24. **Lunar Corona :**—A ring round the moon similar to the Solar Corono.

25. **Fine Weather :**—Sky cloudless or with isolated Cirrus floating in the blue sky and showing signs of dissolving, or with a small amount of pure stratiform cloud at a fixed level, but with no clouds having vertical development.

26. **Fair Weather :**—Thin Cirrus covering a considerable part of the sky but not increasing or forming a continuous layer

रूप लेती है। आकाश में दिन के समय साफ मौसम के कपासी मेघ होते हैं या लाक्षणिक परिवर्तन वाले मध्यकासी मेघ होते हैं।

टिप्पणी :—साफ मौसम के कपासी मेघ दोपहर के बाद गोल गोल पेचों के रूप में प्रकट होते हैं और कपासी वर्षी मेघों के रूप में और विकसित होने के बजाय सायंकाल तक लुप्त हो जाते हैं।

6.3.4 **मौसम परिघटनाओं के लिए चिन्ह** :—सामान्य घटनाओं की कुछ प्रमुख परिघटनाओं के चिन्ह नीचे सारणी 6.3 में दिये गए हैं। 'WW' और 'W' के लिए कोडों द्वारा बताये गए सभी मौसम परिघटनाओं के लिए विस्तृत प्रतीकात्मक कोड़ सारणी 6.4 में दिए गए हैं।

सारणी 6.3

मौसम विज्ञान रजिस्टर में मौसम परिघटनाओं को अभिलेखित करने के लिए चिन्ह

प्रतिक	विवरण
∇	अल्पकालिक झंझा
∇	रैखिक अल्पकालिक झंझा
∇	झंझा
⊱	आंधी-अंधड़
≋	धूल उत्थायी पवन
⌀	धूल-आवर्त या रेत-आवर्त
K	हल्की या मध्यम गर्ज के साथ आंधी किंतु वर्षण नहीं
K	भारी गर्ज के साथ आंधी, बिना वर्षण के
K	गर्ज के साथ आंधी (हल्की या मध्यम,) वर्षा के साथ
K	गर्ज के साथ आंधी (हल्की या मध्यम) आंधी-अंधड़ के साथ
K	गर्ज के साथ आंधी (हल्की या मध्यम) हिम के साथ
›	हल्की सविराम फुहार
•	हल्की सविराम वर्षा
*	हल्की सविराम हिम वर्षा
≡	कुहरा या बर्फ-कुहरा, आकाश दृष्टिगोचार
≡	कुहरा या बर्फ-कुहरा, आकाश दिखाई नहीं देता
=	कुहासा
∞	धूल की धुंध
⊕	सौर प्रभामंडल

or sky with 'Fair Weather Cumulus' or Altocumulus with characteristic changes in the courses of the day.

Note :—'Fair Weather Cumulus' appears in patches in the afternoon and instead of developing further into Cumulonimbus, disappears in the evening.

6.3.4 **Symbols for Weather Phenomena :**—Symbols of a few important phenomena of common occurrence, are given in Table 6.3, below. Detailed Symbolic Code for all the weather phenomena covered by the Codes for 'ww' and 'W' is given in Table 6.4.

TABLE 6.3

Symbols for recording Weather Phenomena in the Meteorological Register

Symbol	Explanation
▽	Squall
▽	Line Squall
≮	Gale
≤	Dust-Storm
≤	Dust Raising Winds
≤	Dust Whirl or Sand Whirl
K	Light or moderate Thunderstorm but no Precipitation
K	Heavy Thunderstorm without Precipitation
K	Thunderstorm (light or moderate) with Rain
K	Thunderstorm (light or moderate) with snow
K	Thunderstorm (light or moderate) with Dust-storm
,	Light Intermittent Drizzle
•	Light Intermittent Rain
*	Light Intermittent Snow
=	Fog or Ice Fog, sky discernible
≡	Fog or Ice Fog, sky not discernible
=	Mist
∞	Dust Haze
⊕	Solar Halo

सारणी 6.3 — जारी

प्रतीक	विवरण
	सौर कान्ति मंडल
☽	चंद्र प्रभा मंडल
☾	चंद्र कान्ति मंडल
◠	इंद्रधनुष्य

6.4 तरंग प्रेक्षण :

समुद्र की सतह पर पवन की प्रक्रिया द्वारा तरंगें उत्पन्न होती हैं। तरंगों के प्रेक्षण तूफानों के प्रवेश के संसूचन एवं उनके केन्द्र की निकटतम स्थिति को जानने में व्यावहारिक महत्व रखते हैं। विशेषकर उस समय जब कि दूसरे प्रकार के प्रेक्षणों की कमी हो। अतः तटीय स्टेशनों पर प्रेक्षक को दबाव, ताप आदि अन्य प्राचलों के अतिरिक्त तरंगों के प्रेक्षण को अभिलेखित करना चाहिए एवं रिपोर्ट भेजनी चाहिए।

6.4.1 **सरल तरंग की परिभाषा :**—निम्नलिखित लक्षणों द्वारा सरल तरंग को परिभाषित किया जाता है :—

(i) गति $\left(\frac{s}{w}\right)$ प्रत्येक तरंग के चलने की गति। ये सामान्यतः नॉट में अभिव्यक्त होते हैं।

(ii) लम्बाई $\left\{\begin{matrix} l \\ w \end{matrix}\right\}$ $\left\{\begin{matrix} ल \\ त \end{matrix}\right\}$ क्रमिक तरंग श्रृंगों/क्रमिक द्रोणियों के मध्य क्षैतिज दूरी—सामान्यतः मीटरों में व्यक्त किया जाता है।

(iii) दिशा $\left\{\begin{matrix} dd \\ ww \end{matrix}\right\}$ $\left\{\begin{matrix} दि \\ त \end{matrix}\right\}$ तरंगों के आने की दिशा, कम्पास के 16 बिंदुओं में मापी जाती है।

(iv) अवधि $\left\{\begin{matrix} p \\ w \end{matrix}\right\}$ $\left\{\begin{matrix} अ \\ त \end{matrix}\right\}$ क्रमिक तरंग श्रृंगों (या क्रमिक द्रोणियों) के एक दिए गए बिन्दु से गुजरने में लगा हुआ समय अंतराल, सामान्यतः सैकिंड़ों में व्यक्त किए जाते हैं।

TABLE 6.3—*Contd.*

Symbol	Explanation
⊕	Solar Corona
◌	Lunar Halo
☽	Lunar Corona
∩	Rainbow

6.4 Wave Observations :

Waves are produced by the action of wind over sea surface. Observations of waves are of practical importance in detecting the approach of a storm and locating the approximate position of its centre, when other observations are lacking. Hence Observers at coastal stations are required to record and report observations of waves, in addition to other elements like pressure, temperature etc.

6.4.1 **Definition of a Simple Wave :**—A simple wave is defined by the following characteristics :—

(i) **Speed (Cw) :**—Speed at which individual waves travel. It is usually expressed in knots.

(ii) **Length (Lw) :**—Horizontal distance between successive crests or successive troughs—usually expressed in metres.

(iii) **Direction** (dd_w) **:**—Direction from which the waves are coming, measured in 16 points of the compass.

(iv) **Period** (P_w) **:**—Time interval required for the passage of successive crests (or successive troughs) past a given point usually expressed in seconds.

(v) ऊंचाई $\begin{cases} h \\ w \end{cases}$ $\begin{cases} \text{ऊं} \\ \text{त} \end{cases}$ तरंगों के ऊपरी भाग और द्रोणी के निचले

भाग के मध्य उर्ध्वाधर दूरी, सामान्यतः मीटरों में व्यक्त की जाती है। चित्र 31 में ऊपर बताई गई बातों को चित्रित किया गया है :—

चित्र-31—एक सरल तरंग की प्ररिच्छेदिका

6.4.2 **तरंग प्रेक्षण में क्या सन्निहित है ?** —6.4.1 में दिए गए पांच प्राचलों में से 3 लक्षण क्रमशः दिशा, अवधि और ऊंचाई के माप या अनुमान तरंग प्रेक्षण के अन्तर्गत आते हैं।

दिशा :—तरंग शृंगों के साथ लक्ष्य साधन द्वारा आने वाले तरंग की दिशा का पता लगाया जा सकता है (जैसे दृश्य रेखा को तरंगशृंग के समानांतर लाकर) और फिर 90 डिग्री तक घुमाकर जिससे कि आने वाली तरंग के सामने आ जाये। इस प्रकार जिस दिशा की तरफ प्रेक्षक खड़ा हो, वही तरंग की दिशा कहलायेगी।

अवधि :—इस तत्व को मापने के लिए स्टॉप वाच अपेक्षित है और यहां तक कि इस उद्देश्य के लिए सामान्य घड़ी जिसमें सेकंड़ की सूई हो, का प्रयोग किया जा सकता है। इसका सरल तरीका है किसी तैरती हुई वस्तु की गतिविधि का समय निर्धारण करना। जब यह वस्तु तरंगशृंग पर दिखाई देती है तो स्टॉप वाच प्रारंभ कर दिया जाता है। जब तरंगशृंग वस्तु पर से गुजरती है तो द्रोणी में थोड़े समय के लिए लुप्त हो जाती है। और फिर पुनः अगले तरंगशृंग पर प्रकट होती है। प्रत्यक तरंगशृंग के ऊपरी भाग में प्रकट वस्तु के समय को नोट किया जाता है। तरंगशृंग पर बार बार प्रकट होने वाली वस्तु के माध्यम से प्राप्त तरंग संख्या द्वारा, तरंगों द्वारा लिए गए कुल समय को विभाजित कर औसत अवधि का परिकलन किया जाता है।

ब्रेकर (तट पर टूटने वाली तरंगों) के समय निर्धारण द्वारा सही तरंग अवधियों को प्राप्त किया जा सकता है। जब तरंगें तट के समीप पहुंचती हैं, तरंग की अवधि में परिवर्तन नहीं होता। अतः ब्रकरों की अवधि भी वहां से दूर गहरे जल की तरंगों की अवधि के समान ही होगी।

(v) **Height (H) :**—Vertical distance between the top of a crest and the bottom of a trough, expressed in metres. Fig. 31 illustrates what has been stated above.



FIG. 31 — PROFILE OF A SIMPLE WAVE

6.4.2 **What Constitutes a Wave Observation :**—Wave observation consists in measurement or estimation of three characteristics out of the five listed in 6.4.1 namely direction, period and height.

Direction :—The direction from which the waves are coming can be obtained by sighting along with wave crests (i.e. bringing the line of sight parallel to the crests) and then turning through 90 degrees, so as to face the approaching waves. The direction towards which the Observer is then facing, will be the direction of the waves.

Period :—For measuring this element all that is required is a stop watch, though even an ordinary watch with a second hand can serve the purpose. A simple method consists in timing the movements of a floating object. A stop watch is started when the object appears at the crest of the wave. As the crest passes on the object disappears into the trough, then reappears on the next crest. The time at which the object appears at the top of each crest is noted. The average period is then worked out by dividing the total time taken by the number of waves given by the number of times the object reappeared on a crest.

It is also possible to obtain accurate wave periods by timing the breakers (Waves that break on the beach). As the period of a wave does not change when the wave is approaching the coast, the period of the breakers would be the same as that of the waves in the deep water beyond.

ऊंचाई :—इस तत्व के सही प्रेक्षण के लिए एक स्थित उर्ध्वाधर अंशांकित रेखा का होना वांछनीय है जिसपर जल सतह की गतिविधि को मापा जा सके। यदि सुविधाजनक पोतघाट विद्यमान हो तो समुद्र-तट की ओर किनारे पर श्याम एवं श्वेत पट्टियों से पेंट किया हुआ एक खम्भा अत्यधिक उचित होगा। विकल्प के रूप में एक उर्ध्वाधर मस्तूल बनाया जा सकता है जो मजबूती के साथ (थोड़े जल में) सीधा खड़ा हो। ऐसे प्रेक्षणों के समय इसका प्रयोग किया जा सकता है जिसमें ज्वारभाटा इतना ऊंचा हो कि ब्रेकर क्षेत्र के बाहर जा रहा हो।

यदि ऊपरलिखित उपाय संभव न हो सके तो निम्नलिखित विधियों में से किसी एक विधि द्वारा तरंग की ऊंचाई का अनुमान लगाया जा सकता है :—

(i) प्रेक्षक को लंगर लगे जहाज से उचित एवं सुविधाजनक दूरी पर खड़ा होना चाहिए। जहाज के अगले या पिछले भाग पर गिरने वाली तरंगों को देखकर और जहाज पर पेंट किए हुए चिन्हों के संदर्भ द्वारा प्रेक्षक ऊंचाई का सही अनुमान लगा सकता है।

(ii) खड़े तट पर अधिकतम और न्यूनतम जल सतह के प्रेक्षण द्वारा भी तरंग ऊंचाई का अनुमान लगाया जा सकता है। उदाहरण के लिए जब तरंगें समुद्र के अंदर बढ़ी हुई खड़ी पहाड़ी या समुद्र में पथरीली भूंगा चट्टानों से टकराती है।

(iii) बहते हुए प्लव के उतार चढ़ाव की गतिविधि भी तरंग ऊंचाईयों का अनुमान लगाने में लाभदायक हो सकती हैं। प्रेक्षण के लिए निकटतम प्लव का चुनाव करना चाहिए जिससे कि तरंगों द्वारा प्लव के उतार-चढ़ाव से उर्ध्वाधर ऊंचाई का प्रेक्षण और अनुमान लगाया जा सके।

6.4.3 **प्रेक्षण स्थान का चुनाव** :—तरंगों का प्रेक्षण उस स्थान पर करना चाहिए जहां पर जल के उथलेपन द्वारा या परावर्तन, अपवर्तन और विवर्तन की परिघटनाओं द्वारा तरंगें विरूपित न हों। इसका अर्थ यह है कि प्रेक्षणों के लिए चुने गए स्थान ब्रेकर क्षेत्र के बाहर हों। उथले जल या अत्यधिक तली प्रवणता वाले जल पर भी नहीं करना चाहिए। घाट के आस पास या खाड़ी चट्टानों, जहां से प्रेक्षण बिंदु पर तरंगें वापिस परावर्तित होती हों, के पास प्रेक्षण नहीं करना चाहिए। प्रेक्षण स्थल, शीर्ष भूमियों या उथले जल पर न होकर, समुद्र की तरफ खुले स्थान पर होना चाहिए।

Height :—For accurate observation of this element it is desirable to have a fixed vertical graduated line against which the movement of the water surface can be measured. If a convenient pier exists, a pile at its seaward end, suitably painted with alternate black and white bands will be most suitable. Alternatively a spar may be mounted vertically and well stayed (in low water). This can be used for observations when the tide is up sufficiently to bring it beyond the breaker zone.

If the arrangement mentioned above are not possible, the height of the waves may be estimated by one of the following methods :—

(i) The Observer, by stationing himself at a convenient and suitable distance from a anchored ship, can observe the approaching waves that strike the bow or stern part of the ship, and with reference to the painted marks on the ship can make fairly accurate estimate of the height.

(ii) Wave heights may also be estimated by observing the maximum and minimum water surface level against a steep coast; as for example, when waves strike against a hill jutting into the sea or a rocky coral reef in the sea.

(iii) The up and down movement of a floating buoy may also be useful for estimating wave heights. The nearest buoy is chosen for observation so that the vertical height through which the buoy is carried up and down by the waves can be observed and estimated.

6.4.3 **Selection of the Observation Spot :**—The waves should be observed at a spot where they are not deformed either by the water being very shallow or by the phenomena of reflection, refraction of diffraction. This means that the spot chosen for observations should be well outside the breaker zone, not on a shoal or in an area where there is steep bottom gradient, nor in the immediate vicinity of a jetty or steep rocks which could reflect waves back to the observation point. The observation spot should be fully exposed to the sea i.e. not sheltered by head lands or shoal.

अध्याय 7

रजिस्टरों की देखरेख और मौसम तारों को तैयार करना

7.1 मौसम विज्ञान रजिस्टर :

सभी प्रेक्षणों को अनुदेशों के अनुसार मौसम विज्ञान रजिस्टर [[मौ०वि० टी-186(आर)] में लिखना चाहिए। ये अनुदेश एक पुस्तिका "मौसम विज्ञान रजिस्टर में प्रविष्टियों के लिए अनुदेश" में दिए गए हैं जिसे सभी सतही वेधशालाओं में प्रयोग के लिए दिया गया है। अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर, उनका अनुपालन करना चाहिए।

वर्ग की वेधशालाओं में अभिलेखित प्रेक्षणों को 5वें वर्ग के वेधशालाओं (ओबीएस-198) में प्रयोग के लिए मासिक मौसम डायरी में मुद्रित अनुदेशों के आधार पर प्रविष्ट करना चाहिए।

वाष्पन एवं मृदा ताप की रीडिंगों को अतिरिक्त रजिस्टर में, जो विशेष रूप से स्टेशन को दिए गए हैं, प्रविष्ट करना चाहिए जहां पर इन प्रेक्षणों को लगातार लिया जाता है।

मौसम विज्ञान प्रेक्षणों के लिए समय की पाबंदी अत्यंत महत्वपूर्ण है और हर कीमत पर इसका प्रयास करना चाहिए। यदि फिर भी निश्चित समय में पहले या बाद में प्रेक्षण लिया गया हो तो समय के स्तंभ में लिए गए प्रेक्षण के यथार्थ समय को सूचित करना चाहिए।

7.2 मौसम तारों को तैयार करना :

मौसम विज्ञान रजिस्टर में अभिलेखित प्रेक्षणों से मौसम तारों को तैयार करने के संपूर्ण अनुदेश मौसम कोड़ों की पुस्तिका में दिए गए हैं, जिसे सभी वेधशालाओं को प्रदान किया गया है। प्रेक्षणों के संपूर्ण सैट प्राप्त कर लेने के पश्चात् प्रेक्षक को शीघ्र ही, तारों को तैयार कर प्रेषित करना चाहिए। तारों को HW (या विशेषत: अनुदेशित XXW) वर्गित करके भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान कार्यालयों के एक या उससे अधिक को या नियंत्रक मौसम विज्ञान कार्यालय द्वारा अनुदेशित अन्य पतों पर भेजने चाहिए। प्रेक्षक को प्रत्येक तार की कार्बन कापी (प्रति) रखनी चाहिए और यथानिर्देशित प्रत्येक सप्ताह कार्यालय को अग्रेषित करना चाहिए।

CHAPTER 7

MAINTENANCE OF REGISTERS AND PREPARING WEATHER TELEGRAMS

7.1 Meteorological Register :

All observations are to be entered in the Meterological Register [Met-T-186(R)], in accordance with the instructions contained in the pamphlet 'Instructions for making entries in the Meteorological Register' supplied to surface observatories. The instructions should be read and followed carefully.

Observations recorded at Class V observatories are to be entered in the 'Monthly Weather Diary for use at 5th Class observatories (OBS-198)' in accordance with the instructions printed thereon.

Evaporation and soil temperature readings are to be entered in separate registers specially supplied to the stations where these observations are regularly taken.

Punctuality is of the greatest importance in Meteorological Observations and must be striven for at any cost. If, however, an observation is taken earlier or later than the fixed hour, the actual time when the observation was taken is to be indicated against TIME.

7.2 Preparation of Weather Telegrams :

Complete instructions for preparing weather telegrams from the observations recorded in the Meteorological Register, are given in the pamphlet on Weather Codes, supplied to all observatories. The Observer must prepare and despatch the telegram immediately after he has finished taking the complete set of observations. The telegrams should be sent classed XW (or XXW if specially instructed) to one or more of the forecasting offices of the India Meteorological Department or to other addresses as instructed by the Controlling Meteorological Office. A carbon copy of each telegram should be kept by the Observer and forwarded to the Controlling Meteorological Office at the end of every week or as directed.

प्रेक्षणों को अभिलेखित करने के तुरन्त पश्चात् मौसम तारों को तैयार कर लेना अत्यंत आवश्यक है और बिना किसी देर के सभी दिनों, रविवार और टेलीग्राफ की छुट्टियों के दिन भी, टेलीग्राफ कार्यालयों को भेज देना चाहिए । (टेलीग्राफ कार्यालयों को रविवारों एवं अन्य टेलीग्राफ की छुट्टियों में भी, मौसम तारों को स्वीकार करना है ।)

जैसा कि यह आवश्यक है कि पूर्वानुमान कार्यालयों में मौसम तार शीघ्र पहुंचने चाहिए, प्रेक्षक को मौसम तार तैयार करने और प्रेक्षण को अभिलेखित करने की निम्नलिखित कार्यविधि का ध्यानपूर्वक पालन करना चाहिए जिससे कि प्रेक्षणों के समय के तुरंत पश्चात् टेलीग्राफ कार्यालय को तार भेजे जा सकें :—

प्रेक्षक को प्रत्येक प्रेक्षण सैट के लिए निश्चित समय से 10 मिनट पूर्व प्रेक्षण आरंभ करना चाहिए ।

(1) प्रेक्षक को सर्वप्रथम पवन उपकरणों से आरंभ करना चाहिए, पहले पवन दिक्सूचक और फिर पवन वेगमापी ।

(2) प्रथम एवं द्वितीय पवन वेगमापी रीडिंगों के मध्य तीन मिनट के अंतराल में, उसे सभी गैर-उपकरणीय प्रेक्षणों को अभिलेखित करना चाहिए, जैसे कि :—मेघों, दृश्यता आदि ।

(3) उसे फिर वर्षा का अभिलेखन करना चाहिए (और वाष्पन रीडिंग जहां पर वाष्पनमापी उपलब्ध हों) और तत्पश्चात् तापमापी की रीडिंग आर्द्रतामापी सारणियों की सहायता से ओसांक ताप की गणना करनी चाहिए ।

(4) इसके बाद उसे मौसम तार परिपत्र में लिए गए सभी प्रेक्षणों (दाब के अतिरिक्त सभी प्रेक्षणों) को भरना चाहिए । फिर उसे वायुदाबमापी कमरे में जाना चाहिए और फिर वायुदाबमापी की रीडिंग के लिए प्रेक्षण के विनिर्दिष्ट समय से एक मिनट पूर्व उसे तैयार रहना चाहिए ।

(5) फिर उसे प्रेक्षण के सुनिश्चित समय पर वायुदाबमापी की रीडिंग करनी चाहिए ।

It is of utmost importance that weather telegrams are prepared immediately after the observations have been recorded and sent off to the Telegraph Office without delay, on all days including Sundays and Telegraph Holidays. (The Telegraph Offices have to accept weather telegrams on Sundays and other Telegraph Holidays).

As it is essential that the weather telegrams should reach the Forecasting Offices in time, the Observer should carefully follow the undermentioned procedure for recording observations and preparing weather telegrams so that the telegrams may be tendered at the Telegraph Office as soon after the hour of observations as possible :—

The Observer should start the observations about ten minutes before the hour fixed for each set of observations.

(1) He should start with the wind instruments, first the windvane and then the anemometer.

(2) In the three minutes interval between the first and second anemometer readings, he should record all the non-instrumental observations, viz; clouds, visibility etc.

(3) He should then record rainfall (and evaporation readings where evaporimeters are provided) and next read the thermometers, after which he should calculate the dew point temperature with the help of the Hygrometric Tables.

(4) Next he should fill in all the observations taken (i.e. all observations other than pressure) in the weather telegram form after which he should proceed to the barometer room and be ready there about a minute before the specified hour of observation for reading the barometer.

(5) He should then read the barometer, exactly at the scheduled time of observation.

(6) वायुदाबमापी की रीडिंग के पश्चात् लगभग तीन मिनट के अंदर वायुदाबमापी की रीडिंग को समानीत करना चाहिए और मौसम तार में PPP प्रविष्ट करना चाहिए । उसे बिना किसी विलम्ब के संदेश वाहक को तार देना चाहिए, जिसे वह बिना समय गंवाये टेलीग्राफ कार्यालय ले जा सके । यदि किसी कारणवश संदेश वाहक उपलब्ध न हो तो प्रेक्षक को स्वयं तार लेकर उचित समय पर टेलीग्राफ कार्यालय जाना चाहिए ।

(6) Within about three minutes after reading the barometer, he should complete the reduction of the barometer reading and enter PPP in the Weather telegram, after which he should hand over the telegram without delay to the Messenger who should be kept in readiness to take it to the Telegraph Office without any loss of time. If the Messenger is not available for any reason, the Observer should himself take the telegram and tender it at the Telegraph Office in proper time.

परिशिष्ट I

सतही वेधशालाओं का वर्गीकरण

इस विभाग के सतही वेधशालाओं को निम्नलिखित 6 वर्गों में विभाजित किया गया है :--

वर्ग I . . (स्वतः लेखी उपकरणों वाले विशेष स्टेशन)	निश्चित समयों पर प्रतिदिन तीन या उससे अधिक प्रेक्षण लेने वाली वेधशालाएं कम से कम तीन तत्वों, दाब, ताप, पवन, और वर्षा के अभिलेखन के लिए स्वतः लेखी उपकरणों का होना और (तार, टैलीफोन, टेलीप्रिंटर या बेतारी तार संचार द्वारा) प्रतिदिन कम से कम प्रेक्षणों के दो सेटों का भेजना।
वर्ग II . . (विभागीय प्रेक्षकों द्वारा संचालित वायुमार्ग और सिनोप्टिक स्टेशन)	(क) विभागीय कर्मचारियों द्वारा संचालित स्टेशनों (संयुक्त सतही और पाइबल और विमानन स्टेशनों) में प्रतिदिन कम से कम दो सेट प्रेक्षणों का लेना और (तार, टेलीफोन, टेलीप्रिंटर या बेतारी तार संचार द्वारा) सम्प्रेषित करना।
वर्ग II . (अंशकालिक प्रेक्षकों द्वारा संचालित सिनोप्टिक स्टेशन)	(ख) प्रतिदिन कम से कम दो रेट प्रेक्षणों का अंशकालिक प्रेक्षक स्टेशनों द्वारा लेना और (तार, टेलीफोन या बेतारी तार संचार द्वारा) संम्प्रेषित करना।
	(ग) प्रतिदिन कम से कम दो सेंट प्रेक्षणों का अंशकालिक प्रेक्षक स्टेशनों द्वारा लेना किन्तु प्रेक्षणों के केवल एक सेट को (तार, टेलीफोन, या बेतारी तार संचार द्वारा) सम्प्रेषित करना।
	(घ) प्रतिदिन कम से कम दो सेट प्रेक्षणों का अंशकालिक प्रेक्षक स्टेशनों द्वारा लेना और केवल मासिक रजिस्टरों द्वारा रिपोर्ट देना।
वर्ग III . . (अंशकालिक प्रेक्षकों द्वारा संचालित सिनोप्टिक स्टेशन)	(क) वेधशालाएं जो प्रतिदिन एक सेट प्रेक्षण लेती हैं और उन्हें (तार, टेलीफोन या बेतारी तार संचार द्वारा) सम्प्रेषित करती है।
	(ख) वेधशालाएं जो प्रतिदिन केवल एक सेट प्रेक्षण लेती हैं और केवल मासिक रजिस्टरों द्वारा इसकी सूचना देती हैं।
वर्ग IV . . (अंशकालिक प्रेक्षकों द्वारा संचालित जलवायु विज्ञानी स्टेशन)	(क) वेधशालाओं में वायुदाबमापी का न होना किन्तु प्रतिदिन बचे हुए प्रेक्षणों में सभी या अधिक के, दो सेटों को लेना और मासिक रजिस्टरों द्वारा सूचना देना।

APPENDIX I

CLASSIFICATION OF SURFACE OBSERVATORIES

The surface observatories of this department are divided into the following six classes :—

CLASS I (Special stations with autographic instruments)	Observatories taking three or more observations per day at fixed times, having autographic instruments for recording at least three of the elements, pressure, temperature, wind and rainfall and communicating (by telegram, telephone, teleprinter or W/T) atleast two sets of observations daily.
CLASS II (Airway and Synoptic stations manned by Departmental Observers)	(a) Stations manned by departmental staff (combined surface and pibal and aviation stations) taking and communicating (by telegram, telephone, teleprinter or W/T) atleast two sets of observations daily.
CLASS II (Synoptic Stations manned by Part-time Observers)	(b) Part-time observer stations taking and communicating (by telegram, telephone, or W/T) atleast two sets of observations daily.
	(c) Part-time Observer stations taking atleast two sets of observations daily but communicating (by telegram, telephone, or W/T) only one set of observations.
	(d) Part-time Observer stations taking atleast two sets of observations daily and reporting them by monthly registers only.
CLASS III (Synoptic stations manned by Part-time Observers)	(a) Observatories taking and communicating (by telegram, telephone or W/T) only one set of observations daily.
	(b) Observatories taking only one set of observations daily and reporting the same by monthly registers only.
CLASS IV (Climatological stations manned by Part-time Observers)	(a) Observatories not equipped with barometers but taking two sets of all or most of the remaining observations daily and reporting them by monthly registers.

(ख) वेधशालाओं में वायुदाबमापी का न होना किन्तु प्रतिदिन एक बार सभी या अधिकतर बचे हुए प्रेक्षणों को लेना और केवल मासिक रजिस्टरों द्वारा इसकी सूचना देना ।

वर्ग V . . (अंश-कालिक प्रेक्षकों द्वारा संचालित वर्षा स्टेशन)

(क) वेधशालाओं द्वारा प्रतिदिन केवल एक बार वर्षा के उपकरणीय प्रेक्षण लेना और संक्षिप्त कोड़ में गैर-उपकरणीय प्रेक्षणों के साथ से (तार, टेलीफोन या बेतारी तार संचार द्वारा) सम्प्रेषित करना ।

(ख) वेधशालाओं द्वारा दिन में एक बार केवल वर्षा को अभिलेखित करना और निश्चित मौसम के दौरान (तार, टेलीफोन या बेतारी तार संचार द्वारा) इसको सम्प्रेषित करना और बाकी वर्ष के दौरान मासिक या साप्ताहिक रजिस्टरों द्वारा सूचना देना ।

(ग) वेधशालाओं द्वारा दिन में केवल एक बार वर्षा का अभिलेखन करना और मासिक या साप्ताहिक रजिस्टरों द्वारा इसकी सूचना देना ।

वर्ग VI . . (विविध गैर-उपकरणीय स्टेशन और वे भी स्टेशन जिनमें कुछ ऐसे उपकरण हैं जोकि उपरोलिखित वर्ग के अन्तर्गत नहीं आते)

(क) गैर-उपकरणीय स्टेशनों द्वारा मेघों, पवन दिशा और गति और दृश्यता को बिना किसी उपकरण के अभिलेखित करना और मासिक रजिस्टरों द्वारा इसकी सूचना देना ।

(ख) कुछ उपकरणों द्वारा स्टेशनों में प्रेक्षण अभिलेखित करना और जो वर्ग IV या V के अन्तर्गत दिखाए न जा सके ।

(ग) कुछ उपकरणों द्वारा स्टेशनों में प्रेक्षणों को अभिलेखित करना और इसे पूरे वर्ष या वर्ष के किसी एक भाग में (तार, टेलीफोन या बेतारी तार संचार द्वारा) सम्प्रेषित करना और बाकी वर्ष के दौरान मासिक रजिस्टरों द्वारा इसकी सूचना देना, और जो वर्ग IV या V के अन्तर्गत दिखाए न जा सकें ।

(b) Observatories not equipped with barometers but taking all or most of the remaining observations once daily and reporting the same by monthly registers only.

CLASS V
(Rainfall stations manned by Part-time Observers)

(a) Observatories taking once daily instrumental observations of rainfall only and communicating (by telegram, telephone or W/T) the same along with non-instrumental observations in the brief code.

(b) Observatories recording only rainfall once, daily and communicating the same (by telegram, telephone or W/T) during certain seasons and by monthly or weekly registers during the rest of the year.

(c) Observatories recording only rainfall once daily and reporting the same by monthly or weekly registers.

CLASS VI
(Miscellaneous non-instrumental stations and also those with a few instruments which do not come under any of the above classes)

(a) Non-instrumental stations recording clouds, wind directions and speed and visibility without any instrument and reporting the same by monthly registers.

(b) Stations recording observations with a few instruments and which cannot be shown under class IV or V.

(c) Stations recording observations with a few instruments, and communicating (by telegram, telephone or W/T) the same throughout the year, or part of the year and reporting the same by monthly Registers during rest of the year, and which cannot be shown under class IV or V.

परिशिष्ट II

लघु तापमापी आवरण का प्रयोग

इसका डिजाइन इस प्रकार तैयार किया जाता हैं कि इसका प्रयोग वायु ताप के माप के लिए शहरी जलवायु विज्ञान स्टेशनों में किया जा सके ।

यह अनिवार्यतः सुवाह्य तापमापी आवरण होता है जो तीन तापमापियों (जैसे अधिकतम, न्यूनतम और सामान्य शुष्क बल्ब) को आश्रय देने के लिए अभिकल्पित किया जाता है । इसकी स्पष्ट आंतरिक लम्बाई-चौड़ाई 400 मि०मी० × 200 मि०मी० होती है और यह 377 मि० मी० ऊंचा होता है । यह 110 सें० मी० लम्बा, 30 मि० मी० व्यास वाले केन्द्रीय जी०आई० स्तंभ द्वारा अवलंबित होता है । एवं इसमें फाउंडेशन बोल्टों के साथ संस्थापन के लिए उचित फ्लेंज संलग्न होता है ।

समग्र आकार को छोटा करते समय से सुसंहत और सुवाहय बनाने के लिए एक मानक आवरण के आवश्यक लक्षणों जैसे तिरछी दुहरी छत, झिलमिल किनारे, कब्जेदार दरवाजे आदि को बनाए रखा गया है ।

भूमि के अंदर सीमेंट-कंकरीट प्लेटफार्म में चार फाउंडेशन बोल्टों को चूना या मसाला द्वारा आधार फ्लेंज को जमाकर अवलंब को सीधा खड़ा किया गया है । इस प्रकार लघु-आवरण जब स्थापित हो जाता है तो वह उत्तर की तरफ खुलता है और शुष्क बल्ब तापमापी भूमि स्तर से ऊपर लगभग 1.3 मीटर की ऊंचाई पर होता है ।

स्थान के चुनाव और उद्भासन अवस्थाओं के सामान्य अनुबंध में जहां तक हो सके अधिक से अधिक छूट देनी चाहिए । यह छूट शहरी जलवायु विज्ञानी अध्ययनों के विशिष्टि आवश्यकताओं और स्थानीय पर्यावरण पर निर्भर करता है ।

म०प्र०भा०स०मु०ना०—वि० —383 ए०डी०जी० मेट पुणे/88—7-5-91—1,500

APPENDIX II

USE OF MINI-THERMOMETER SCREEN

It is designed for use at urban climatological stations for measurements of air temperature.

It is essentially a portable thermometer screen, designed for housing three thermometers (namely maximum, minimum and ordinary dry bulb) having clear internal dimensions of 400 mm x 200 mm and 377 mm high and supported by a central G.I. column 110 mm long, 30 mm in diameter with suitable flange attachments for installation with foundation bolts.

Essential features like slant double roof, louvred sides, hinged door etc. of a standard screen have been retained while reducing the overall size to make it compact and portable.

The support is erected by fixing the base flange by means of four foundation bolts grouted in the cement-concrete platform sank into the ground, such that, the mini-screen when installed, opens to the north with D.B. thermometer bulb at a height of about 1·3 meters above ground level.

The usual stipulations of site selection and exposure conditions may have to be relaxed to considerable extent depending on the local environment and specific requirements of urban climatological studies.

GMGIPN—S 6—383 ADG Met Pune/88—7-5-91—1,500

सतही वेधशालाओं के प्रेक्षकों के लिए अनुदेश

खण्ड 1

INSTRUCTIONS TO OBSERVERS AT THE SURFACE OBSERVATORIES

PART I

1987



द्वारा जारी

मौसम विज्ञान के महानिदेशक, नई दिल्ली-3

ISSUED BY

THE DIRECTOR GENERAL OF METEOROLOGY, NEW DELHI-3